हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025




जीवेत शरदः शतम्
विकास, तरक्की और प्रगतिशील मूल्यों के लिए
सदैव समर्पित हैं आप....
मान. श्री राजेश मूणत जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
भगतराम हरवंश पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड 2
मनमोहन मंहरे संत कबीर दास वार्ड 3
नंदकिशोर साहू किशोर पतियतन लाल वार्ड 4
अम्बिका साहू बंजारी माता वार्ड 5
खगपति सोनी वीरांगना अवंति बाई वार्ड 6
खेम कुमार सेन कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड 7
गोपेश कुमार साहू पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड 9
देवदत्त द्विवेदी रानी लक्ष्मीबाई वार्ड 10
मोहन कुमार साहू डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड 11
साधना प्रमोद साहू कालीमाता वार्ड 12
महेन्द्र खोडियार राजीव गांधी वार्ड 13
राजेश देवांगन कन्हैयालाल वार्ड 15
गज्जू साहू वीर शिवाजी वार्ड 16
श्रीमती परमिला साहू ठक्कर बाप्पा वार्ड 17
सोहन साहू बाल गंगाधर तिलक वार्ड 18
प्रीतम ठाकुर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड 19
अमन ठाकुर रामकृष्ण परहंस वार्ड 20
गायत्री सुनील चंद्राकर शहीद भगत सिंह वार्ड 21
श्रीमती मीना ठाकुर ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड 22
भोलाराम साहू संत रामदास वार्ड 25
श्रीमती रामहीन कुर्रे दानवीर भामाशाह वार्ड 26
अवतार सिंह बागल इंदिरा गांधी वार्ड 27
श्रीमती कृतिका जैन शहीद हेमू कल्याणी वार्ड 28
कैलाश बेहरा गुरूगोविंद सिंह वार्ड 29
राजेश कुमार गुप्ता शंकर नगर वार्ड 30
श्रीमती पुष्पा रोहित साहू नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड 31
प्रभा विश्वकर्मा महर्षि वाल्मीकि वार्ड 32
प्रदीप कुमार वर्मा शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड 33
श्वेता विश्वकर्मा तात्यापारा वार्ड 36
दीपक जायसवाल शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड 37
आनंद अग्रवाल स्वामी आत्मानंद वार्ड 38
सुमन अशोक पाण्डेय प्यारेलाल वार्ड 39
आशु चंद्रवंशी डीडीयू वार्ड 40
सरिता दुबे पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड 41
अम्बर अग्रवाल महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड 42
अजय साहू ब्राह्मण पारा वार्ड 43
मुरली शर्मा स्वामी विवेकानंद वार्ड 44
संजना हियाल सिविल लाइन वार्ड 46
संतोष साहू मदर टेरेसा वार्ड 47
महेश ध्रुव गुरू घासीदास वार्ड 48
डॉ. अनामिका सिंह रानी दुर्गावती वार्ड 49
गायत्री नवरंगे पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड 50
विनय पंकज निर्मलकर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52
मनोज जांगडे बाबू जगजीवनराम वार्ड 53
सुषमा तिलक साहू कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड 54
विनय प्रताप सिंह ध्रुव रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड 55
सचिन मेघानी ले. अरविन्द दीक्षित वार्ड 56
अमर गिदवानी भगवती चरण शुक्ल वार्ड 57
स्वप्निल मिश्रा शहीद पंकज विक्रम वार्ड 58
अंजलि जितेन्द्र गोलछा मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड 59
रमेश सपहा चंद्रशेखर आजाद वार्ड 60
रवि सोनकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड 61
बद्री प्रसाद गुप्ता शहीद राजीव पांडे वार्ड 62
प्रमोद कुमार साहू ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड 63
मनोज वर्मा डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड 64
ममता तिवारी भक्त माता कर्मा वार्ड 67
दुर्गा यादराम साहू डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड 68
महेन्द्र औसर माधवराव सप्रे वार्ड 69
अर्जुन यादव संत रविदास वार्ड 70
ATUL PUBLICITY
विनीत : समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39.3 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

14 दलहन-तिलहन को बढ़ाना जरूरी तेलघानी बोर्ड की इसमें अहम...



14 हाईटेक नालंदा लाइब्रेरी पार्ट-2 का होगा निर्माण एक हजार...



# फॉरेंसिक विवि बताएगा- कैसे करें क्राइम सीन मैनेजमेंट, डिजिटल अपराध के भी ढूंढेंगे सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की शुरुआत शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ही होगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। स्वयं का भवन नहीं होने के कारण फिलहाल इसे सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के कैंपस में संचालित किया जाएगा। तीन कोर्स के साथ इस विवि की शुरुआत की जा रही है। फिलहाल तीनों कोर्स मिलाकर 80 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। आने वाले शैक्षणिक सत्रों में नवीन कोर्स शुरू करने के साथ ही सीट संख्या में भी वृद्धि की जाएगी।

वहीं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का कहना है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 176(3) के तहत सात वर्ष से अधिक सजा वाले प्रकरणों में अनिवार्य रूप से फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट द्वारा जांच की जाएगी। ऐसे मामलों में फॉरेंसिक साइंस विशेषज्ञों की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह विवि खोला गया है। क्राइम सीन मैनेजमेंट, डिजिटल फॉरेंसिक, इनफॉर्मेशन सिक्योरिटी जैसे कई टॉपिक पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे।

■ शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के कैंपस में संचालित होगा विवि

अलग खबर

### संचालित होंगे तीन पाठ्यक्रम

फॉरेंसिक साइंस से संबंधित तीन पाठ्यक्रम का संचालन फिलहाल किया जाएगा। इसमें एमएससी फॉरेंसिक साइंस, एमएससी डिजिटल फॉरेंसिक एंड इनफॉर्मेशन सिक्योरिटी तथा एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रोफेशनल डिप्लोमा इन क्राइम सीन मैनेजमेंट शामिल है। एमएससी फॉरेंसिक साइंस और एमएससी डिजिटल फॉरेंसिक एंड इनफॉर्मेशन सिक्योरिटी में 30-30 सीटें हैं, जबकि प्रोफेशनल डिप्लोमा इन क्राइम सीन मैनेजमेंट में 20 सीटें हैं। इन सभी कोर्स में प्रवेश के लिए स्नातक अनिवार्य है। इच्छुक छात्र **nfsc.nic.in/admission** वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं।

### लंबी सजा वाले मामलों में अनिवार्य होती है फॉरेंसिक जांच




### आवेदन 5 मई तक

इन पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 18 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 5 मई 2025 है। प्रवेश के लिए एग्जाम 7 और 8 जून को आयोजित होगा। प्रवेश परीक्षा के परिणाम 23 जून को घोषित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में देशभर के युवा हिस्सा ले सकते हैं, लेकिन मेरिट सूची तैयार करते वक्त राज्य के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। आईआईएम और आईआईटी भिलाई की शुरुआत भी इंजीनियरिंग महाविद्यालय के कैंपस में ही ▶▶| शेष पेज 15 पर

## खबर संक्षेप

### नशेड़ी वाहन चालकों की जांच, 11 पर कार्रवाई



**रायपुर।** ट्रैफिक तथा पुलिस अमले ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसी कड़ी में रविवार को श्रीराम मंदिर, फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में रात 11 बजे से 2 बजे तक बेरिकेडिंग कर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में 11 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई। प्रकरण निराकरण के लिए कोर्ट भेजा गया। सभी वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित करने परिवहन कार्यालय को पत्र भेजा जाएगा।

गिरफ्तार सटोरियों के संबंध में सौ से ज्यादा पैनल ऑपरेट करने की मिली जानकारी

# महादेव से अलग एक नए सट्टा ग्रुप का संचालन, रायपुर से जाकर दिल्ली में धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आईपीएल क्रिकेट से लेकर तमाम तरह के ऑनलाइन सट्टा संचालन पर रोक लगाने पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, बावजूद इसके सटोरिए पुलिस को चुनौती देते हुए सट्टा संचालन कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में पुलिस ने दिल्ली में दबिश देकर का-बुक नामक नए पैनल की पहचान कर आधा दर्जन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। का-बुक के नाम से चल रहे ऑनलाइन सट्टे में सौ से ज्यादा पैनल संचालित होने की जानकारी पुलिस को मिली है। गिरफ्तार आरोपियों में एक मध्यप्रदेश का रहने वाला है।

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालन करने के आरोप में पुलिस ने रायपुर निवासी राकेश मदनानी उर्फ डाकी, विकास तारवानी ▶▶| शेष पेज 15 पर

### सरगना रायपुर का रहने वाला, नियमित कार्रवाई के बाद भी संचालित हो रहा सट्टा

### खुद का पैनल बनाकर सट्टा संचालन

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में जिस पैनल पर कार्रवाई की गई है। वह एक नया पैनल है। का-बुक नामक पैनल का महादेव सट्टा एप से किसी तरह से लिंक है या नहीं, पुलिस इसकी पड़ताल करने की बात कह रही है। अलग-अलग नाम से संचालित ज्यादातर पैनल को महादेव सट्टा ग्रुप ने पैसे देकर खरीद लिया है।



### अब तक के 21 प्रकरणों में 63 गिरफ्तार

राजधानी में सट्टे का मकड़जाल किस तरह फैला हुआ है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस ने एक माह के भीतर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के 21 प्रकरण दर्ज कर 63 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस लिहाज से पुलिस हर दूसरे दिन ऑनलाइन सट्टा खिलाने का मामला दर्ज कर रही है। लगातार कार्रवाई के बाद भी सट्टा संचालित होने का मतलब है सटोरियों को पुलिस कार्रवाई का किसी तरह से भय नहीं है।

### इस बात की भी पड़ताल

अन्ना रेड्डी से लेकर तीन दर्जन से ज्यादा छोटे-बड़े सट्टा पैनल को महादेव एप के प्रमोटरों ने खरीदकर अपने पैनल में मर्ज कर लिया है। ऐसे में का-बुक नामक सट्टा पैनल अब तक महादेव ग्रुप से कैसे बाहर रहा है, पुलिस इसकी पड़ताल करने की बात कह रही है। महादेव सट्टा एप ऐसे सट्टा पैनल, जो थोड़े ऊपर उठने लगते हैं, उसे खरीद कर अपने पैनल में मर्ज कर लेता है। का-बुक के सौ से ज्यादा पैनल हैं, ऐसे में इस ग्रुप में करोड़ों रुपए का सट्टा संचालित होने का अनुमान पुलिस लगा रही है।

## नामांतरण की ट्रेनिंग, प्रदेशभर में आज नहीं हो सकेगी रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में सभी पंजीयन कार्यालय सोमवार को बंद रहेंगे। पूरे छत्तीसगढ़ में पंजीयन कार्य बंद रहेगा। रजिस्ट्री बंद रहने से प्रदेशभर में 15000 से अधिक लोगों को असुविधा होने की संभावना जताई जा रही है। पंजीयन विभाग ने अपॉइंटमेंट बुक करने वाले पक्षकारों को पहले ही मैसेज कर जानकारी दे दी है और सभी से सहयोग की अपील की है।

■ तत्काल नामांतरण प्रक्रिया के संबंध में अधिकारियों दी जाएगी ट्रेनिंग

जानकारी के मुताबिक, रजिस्ट्री के साथ-साथ तत्काल नामांतरण की प्रक्रिया दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। पंजीयन कार्यालयों में नई गाइडलाइन तैयार करने और जमीन के नए गाइडलाइन रेट की समीक्षा का काम भी किया जाएगा। बताया गया है कि ▶▶| शेष पेज 15 पर

### विवादित प्रकरणों पर नहीं होगा लागू

बताया जाता है कि तत्काल नामांतरण की प्रक्रिया विवादित प्रकरणों पर लागू नहीं होगी। विवादित प्रकरणों पर सुनवाई अलग से चलती रहेगी। ऐसे मामलों में नामांतरण विवाद सुलझने के बाद होगा। तत्काल नामांतरण प्रक्रिया नई रजिस्ट्री पर लागू की जाएगी। इस दौरान बंटाकन और खसरा के सारे रिकार्ड दुरुस्त कर पेश करने होंगे।



# चकल्लस

## प्यादे अंदर, सरगना बाहर

दवा निगम हो या भारत माला प्रोजेक्ट कांड। दोनों में ही तीसरे-चौथे नंबर के अफसर जेल चले गए हैं। यहां तक कि मोक्षित कारपोरेशन का मालिक जेल में हैं। यह काफी है? खबरी बता रहा था कि दोनों में ही रसूखदार नेता और आईएएस अफसरों की अहम भूमिका थी। इस देश में करोड़ वाला घोटाला बिना अफसर और नेताओं के बिना होता ही नहीं है। नंबर एक और नंबर दो घोटाले वाली यही प्रजाति है। लेकिन जेल जाते हैं नंबर तीन और नंबर चार वाले। प्यादे अंदर और सरगना बाहर। ऐसे में कैसे घोटाले रुकेंगे?

## अस्पताल में सी-2 की दहशत

प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल के डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य कर्मचारी सी-2 से खौफजदा हैं। अस्पताल की व्यवस्था सुधारने किसी भी तरह के आदेश अथवा किसी मरीज के उपचार के लिए वीआईपी ट्रीटमेंट के दौरान इस शब्द का जिक्र जरूर होता है। अस्पताल प्रबंधन की बैठक में किसी भी तरह का संबोधन इसके उल्लेख के बिना अधूरा है। अस्पताल के गलियारों में होने वाली सी-2 की चर्चा मेडिकल कॉलेज तक पहुंच चुकी है। अस्पताल के साथ कॉलेज में भी अपनी विशेष दखल रखने वाले डॉक्टर ने राज खोला... सी-2 किसी का निकनेम या केबिन का पता नहीं है, बल्कि मंत्रीजी के बंगले का पता है, जिसके दम पर अस्पताल में अटकने वाले सारे काम पूरे कराए जा रहे हैं।

## कूलर-एसी मरम्मत का खेल

आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को गर्मी के दिनों राहत देने पुराने एसी और कूलर की मरम्मत की आड़ में खेला हो गया है। लगातार उपयोग से खराब होने के बहाने उतारे गए कई अच्छी कंडीशन वाले कूलर और एसी गायब हो गए। इसके अलावा बिगड़े एसी में सुधार के लिए नए के बजाए पुराना कंप्रेसर फिट कर बड़ा बिल अस्पताल प्रबंधन को थमा दिया गया। वार्डों और केबिन के भीतर हुए इस खेल की शिकायत अस्पताल प्रबंधन तक पहुंच चुकी है और गुपचुप तरीके से इस गड़बड़ी को अंजाम देने वालों की तलाश शुरू की जा चुकी है।

## एक साथ ही कर दो...

माशिम इस बार भी 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणाम एक साथ जारी करने की तैयारी में है। पिछले साहब ने यह परंपरा शुरू की थी, जिसे मैडम आगे ले जा रही हैं। मैडम ने पुराने वाले साहब के सारे कायदे-कानून बदल डाले हैं, लेकिन यह एकमात्र चीज है जिसे कायम रखा है। पता चला है कि नतीजों की घोषणा वाले दिन मंत्री-नेताओं को बुलाना होता है। उनके भी अपने नखरे होते हैं। अब दो-दो बार सबको न्योता भेजने और मान-मनोव्वल करने से बेहतर है कि एक ही दिन में काम तमाम कर लिया जाए। भले ही इसके लिए आधी रात तक दफ्तर में बैठना पड़े। तो जनाब... चिंता बच्चों की है, इसलिए बगैर इंतजार किए एक ही दिन परिणाम जारी नहीं कर रहे, बल्कि कारण तो कुछ और ही है।

## आइए... आपका ही घर है

प्रदेश में जिनकी सरकार है, उनकी छात्र इकाई का बड़ा अधिवेशन मई माह में होने वाला है। इसके लिए कृषि विवि का कैंपस बुक कर दिया गया है। छात्रों के एक धड़े ने विरोध भी किया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। बड़े साहब थोड़े से संघ के करीब हैं, इसलिए विवि परिसर को अधिवेशनकर्ता छात्रों का घर ही घोषित कर दिया। मतलब रुकने की व्यवस्था भी यहीं करने की तैयारी है। स्वागत के लिए रंग-रोगन सहित अन्य इंतजाम भी हो रहे हैं। इंटेलिजेंस ब्यूरो से खबर मिली है कि अगले महीने कृषि विवि में मारपीट हो सकती है।

## ग्रामीण बनाम शहरी

छत्तीसगढ़ में गांवों के लोगों को लेकर बनी धारणा में अब बदलाव की जरूरत है। दरअसल अब तक ये समझा जाता था कि ग्रामीण लोग शहर वालों से कई मामलों में पीछे हैं। खासकर जब बात हो तकनीक के इस्तेमाल की, लेकिन अब समय ऐसा बदला है कि ग्रामीण शहरवासियों से बहुत आगे हो गए हैं। दरअसल सरकार ने सुशासन तिहार शुरू किया है। लोगों से उनकी मांग और शिकायतें पेटी के माध्यम से और ऑनलाइन ली जा रहीं है। दिलचस्प ये है कि शिकायत करने वालों में ग्रामीण आगे हैं, पर बात इतनी ही नहीं है। ऑनलाइन माध्यम से शिकायत करने के मामले में गांववाले शहरियों से तीन गुना आगे हैं। अभी ये समझना बाकी है कि ग्रामीणों में शिकायतखोरी बढ़ी है या वे तकनीक में आगे हो गए हैं।

## इस एक लाख के लिए कितने दावेदार

सरकार किसी को मुफ्त में हजार रुपए भी दे तो लेने वालों की संख्या 70 लाख हो जाती है, लेकिन जहां मामला हो पढ़ाई-लिखाई करके परीक्षा पास करने और प्रोत्साहन राशि के एक लाख रुपए का हो तो लेने वालों की संख्या साल में एक-दो से अधिक नहीं हो रही है। सरकार ने अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षाओं की प्रारंभिक परीक्षा में पास होने वालों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए एक लाख रुपए देने की योजना 15 साल से चला रखी है, लेकिन पिछले चार साल में आरक्षित वर्ग के कुल मिलाकर 9 लोग ही ये एक लाख की प्रोत्साहन राशि पाने में सफल हो सके हैं। अब देख लें, एक हजार के दावेदार कितने और एक लाख के कितने।

## राष्ट्रवाद और पाक प्रेम

हमें बचपन में सिखाया जाता था कि जब झगड़ा हो तो बिना विचार किए अपने भाई-बंधु, यार-दोस्त या अपने मुहल्ले वाले का साथ देना चाहिए। जब झगड़ा खत्म हो जाए तो पूछना चाहिए कि गलती थी या नहीं थी। अगर गलती अपने की हो तो उसे भी दंड दिया जाए। लेकिन झगड़े के वक्त साथ अपनों का ही देना है। लगता है देश में रह रहे दो गले लोगों की क्या कहें। कश्मीर में आतंकी हमले के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोग आतंकियों के समर्थन में ही दिख रहे हैं। यहां तक कि एक पूर्व विधायक ने युद्ध होने पर भारत की हार की भविष्यवाणी भी कर दी। एक प्रवक्ता भारत को ही नीचा दिखाने में लगे हुए हैं। इस बीच एक बात स्पष्ट है...चाहे जो हो, भाजपाई देश के साथ खड़े दिखते हैं। कारण भले राजनीतिक हो या वैचारिक...भाजपाईयों का राष्ट्र के प्रति प्रेम नजर आता है।

## किस्मत का रोना...

व्हाइट हाउस के कुछ एक्स मेंबर भन्नाए हुए हैं। वजह ये है कि शहरी सरकार में नए-नवेलों को भाव मिल रहा है। जिसे देखो, वही अपने इलाके में नया कार्यालय बनवाने पानी की तरह पैसा बहा रहा है। सो दुखियारे मेंबर ने अपने कलीग से कमेंट पास किया, हमारी पार्टी की सरकार रही, तब मितव्ययिता का राग अलापते 5 साल बिता दिए। जब भी काम कराने प्रपोजल बनवाते, फंड का रोना रोते रहते। यहां तो महीने, दो महीने में ही फटाफट काम हो रहे हैं। मेंबर ने लंबी सांस लेते हुए कहा, ये सब ट्रिपल इंजन का कमाल है भाई, अपनी ऐसी किस्मत कहां।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, विकास शर्मा, रुचि वर्मा।

# रविवि के बाद दूसरे विश्वविद्यालयों में 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस', छात्रों को बगैर डिग्री पढ़ा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि के बाद प्रदेश के दूसरे विश्वविद्यालयों में भी प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस फॉर्मूले को लागू किया जाएगा। बीते दिनों हुई उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में इस पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को इससे संबंधित निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इसका प्रावधान है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रदेश के विश्वविद्यालयों में इसे लागू करने संबंधित योजना पर कार्य हो रहा है। दरअसल, प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस योजना के अंतर्गत ऐसे व्यक्तियों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जाता है, जो अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ होते हैं। इसके लिए किसी भी तरह की डिग्री होनी जरूरी नहीं है। अनपढ़ व्यक्ति को भी इस योजना में शामिल करते हुए व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। रविवि ने सत्र 2024-25 से इसकी शुरुआत की है। इनकी नियुक्ति अधिकतम चार साल के लिए की जा सकती है। निर्धारित मानदेय भी उन्हें प्रदान किया जाएगा। यूनिवर्सिटी संबंधित व्यक्तियों के प्रोफेशनल एक्सपीरियंस के आधार पर छात्रों को पढ़ाने के लिए उनका चुनाव करती है। इसके लिए भी प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

### ऑनलाइन पंजीयन

आंकड़ों के मुताबिक, अब तक प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस योजना के तहत देशभर के विश्वविद्यालयों समेत 323 हाई एजूकेशन संस्थानों में प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस के रूप में छात्रों को पढ़ाने के लिए अब तक अलग-अलग क्षेत्रों के 10062 विशेषज्ञों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें उद्योग, वाणिज्य, इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, सामाजिक विज्ञान, मीडिया, साहित्य व कला के क्षेत्र के एक्सपर्ट हैं। यूजीसी ने इसके लिए मई में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस रजिस्ट्रेशन पोर्टल शुरू किया था। इस पर अपने-अपने कार्य क्षेत्र में महारत रखने वाले अनुभवी प्रोफेशनल टीचिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।




- उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में निर्णय, एनईपी में है प्रावधान
- विद्यार्थियों को समसामयिक व व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने प्रयोग

### एक्सपर्ट देंगे व्यावहारिक ज्ञान

यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान मिल सके। कई बार यह स्थिति निर्मित होती है कि छात्रों को पर्याप्त सैद्धांतिक ज्ञान दिए जाने के बाद भी वे फील्ड में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। इस स्थिति को समाप्त करने और छात्रों को संबंधित क्षेत्र की कार्यप्रणाली समझाने यह प्रयोग किया जा रहा है। कार्यक्षेत्र में चीजें बाजार के अनुसार बदलती रहती हैं। ऐसे में विशेषज्ञों से समसामयिक ज्ञान भी मिलेगा।

### तेलघानी और चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

# दलहन-तिलहन को बढ़ाना जरूरी तेलघानी बोर्ड की इसमें अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में गरिमामय समारोह में छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा, गर्मी में खेती के लिए जल और ऊर्जा की अधिक आवश्यकता होती है, ऐसे में फसल चक्र अपनाते हुए तिलहन फसलों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में साहू समाज और तेलघानी विकास बोर्ड की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'लोकल फॉर वोकल' अभियान को गति मिल रही है, जिसमें तेलघानी विकास बोर्ड प्रभावी योगदान दे सकता है।

पदभार ग्रहण समारोह में उन्होंने कहा, आज का दिन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और परंपरागत श्रमशीलता के सम्मान का उत्सव है, जिसने सदियों से प्रदेश की आत्मा को संजोए रखा है। उन्होंने कहा कि श्री साहू एक शिक्षित, प्रगतिशील किसान हैं और सामाजिक जीवन का दीर्घ अनुभव रखते हैं। निश्चित ही उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा सहित विभिन्न मंडल-आयोगों के अध्यक्ष, तेलघानी विकास बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

**तेलघानी विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'लोकल फॉर वोकल' अभियान को गति मिल रही

### मिर्धा ने संभाला चर्म शिल्पकार बोर्ड का दायित्व

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा, श्री मिर्धा के जनसेवा के दीर्घ अनुभव का लाभ निश्चित ही पूरे समाज को मिलेगा। नई भूमिका के माध्यम से वे रविदास समाज के लोगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे बोर्ड के माध्यम से भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में योगदान देंगे।

### नवाचारों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने सरगुजा जिले के एक गांव का उदाहरण देते हुए कहा, वहां के किसान सामूहिक रूप से ऑर्गेनिक सुगंधित चावल का उत्पादन कर रहे हैं और उसे 300 रुपए प्रति किलो के भाव से बेच रहे हैं। इसी तरह कुछ किसान पारंपरिक विधि से सरसों का तेल निकालकर 1000 रुपए प्रति लीटर तक बेच रहे हैं। ऐसे नवाचारों को राज्यभर में प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

### ठेठ छत्तीसगढ़िया किसान को दी जिम्मेदारी : साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, राज्य सरकार ने साहू समाज के एक शिक्षित और ठेठ छत्तीसगढ़िया किसान को तेलघानी विकास बोर्ड का दायित्व सौंपा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बोर्ड अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल होगा।

### आवास सर्वेक्षण प्लस प्लस अभियान 30 तक

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उनकी सरकार ने 15 महीनों में 'मोदी की गारंटी' के तहत अधिकांश वादों को पूरा किया है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल तक 'आवास सर्वेक्षण प्लस प्लस' अभियान के माध्यम से आवासहीन व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही आवास योजनाओं के नियमों में शिथिलता लाकर अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को लाभ देने की व्यवस्था की गई है।

# सभी लिफ्ट और एस्केलेटर का पंजीकरण, नवीनीकरण और निरीक्षण अनिवार्य



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। अब सभी लिफ्ट और एस्केलेटर का पंजीकरण, नवीनीकरण और निरीक्षण अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह नियम के तहत लिफ्ट और एस्केलेटर का संचालन उच्च सुरक्षा मानकों के अनुसार जरूरी है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा और व्यवसायों को कानूनी परेशानियों से भी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर सरकार ने लिफ्ट और एस्केलेटर से जुड़ी सभी सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट में शामिल कर दिया है। अब इन सेवाओं को अधिकतम 30 दिन के भीतर पूरा करना अनिवार्य होगा। अगर तय समय में काम नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। इससे उद्योगों और व्यावसायिक संस्थानों को समय पर सेवा मिलेगी।

- राज्य सरकार का फैसला, पब्लिक सर्विस के तहत दिया 30 दिन का समय

### आमजनों की सुरक्षा-सुविधा प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा है कि आम जनता की सुरक्षा और सुविधा हमारी सरकार की प्राथमिकता है। लिफ्ट और एस्केलेटर की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। इसलिए हमने इस सेवा को लोक सेवा गारंटी अधिनियम में शामिल किया है, ताकि हर किसी को समय पर सेवा मिले और उनका भरोसा बना रहे। मुख्य विद्युत निरीक्षणालय ने सभी बिल्डरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और लिफ्ट संचालकों से अपील की है कि वे नए नियमों का कड़ाई पालन करें और सुरक्षित रूप से लिफ्ट और एक्सलेटर की सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इससे बीमा का खर्च भी घटेगा और कारोबार का जोखिम कम होगा।

# छत्तीसगढ़ में निवेशकों को बड़ी सौगात अनुमति के लिए तय की गई समयसीमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड ने जारी किया आदेश

छत्तीसगढ़ में निवेशकों को सरकार ने सौगात दी है। निवेशकों के लिए समयसीमा जारी कर दी गई है। इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है। नए आदेश के अनुसार, निवेशकों के काम के लिए समयसीमा तय की गई है। स्टार्टअप इकाईयों के पंजीकरण के लिए भी 45 दिन की समयसीमा तय की गई है।

छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लगातार उद्योगपतियों से मुलाकात कर रहे हैं। इसी बीच राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। निवेशकों को विभिन्न आवश्यक स्वीकृतियां और सेवाएं अब तय समयसीमा में प्रदान की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ को निवेशकों के लिए देश का सबसे अनुकूल राज्य बनाना हमारी प्राथमिकता है। औद्योगिक विकास से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर भी सृजित होंगे। हमारी सरकार निवेशकों को त्वरित, पारदर्शी और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। गौरतलब है कि अब तक जिन सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अधिसूचित नहीं किया गयाथा, उन्हें इस आदेश के माध्यम से अधिसूचित माना जाएगा। यह आदेश राज्य में लागू हो चुका है।

### 15 दिनों में शिकायतों का निराकरण

निवेशकों की सुविधा केंद्र और निवेश प्रोत्साहन एजेंसी द्वारा प्रश्नों का प्रत्युत्तर 7 दिनों में तथा प्रश्नों और शिकायतों का निराकरण 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। सेवा क्षेत्र की इकाईयों के प्रश्नों का समाधान भी 7 दिनों में और शिकायतों का निराकरण 15 दिनों में किया जाएगा। निवेशकों की सुविधा के लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरण और सेवाओं का समयबद्ध निपटारा छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता है।

# हाईटेक नालंदा लाइब्रेरी पार्ट-2 का होगा निर्माण, एक हजार सीटों की होगी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी के जीई रोड स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के पास एक और हाईटेक लाइब्रेरी बनाई जाएगी। नालंदा पार्ट-2 के नाम से बनने वाली लाइब्रेरी-सह रीडिंग जोन के प्रथम चरण में परियोजना की लागत 23.49 करोड़ रुपए अनुमानित है।

- फर्स्ट फेज परियोजना की लागत 23 करोड़ 49 लाख रुपए

युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी और शोध तथा अध्ययन कार्य के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। शहर के जीई रोड स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के पास सर्व सुविधायुक्त नई लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए राज्य शासन के पास पहले ही प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इस लाइब्रेरी में 1000 लोगों के बैठने की सुविधा होगी, जिसमें एक व्याख्यान कक्ष रहेगा, जिसमें 90 लोगों के लिए स्पेस विकसित किया जाएगा। नालंदा पार्ट-2 लाइब्रेरी में पुस्तक भंडारण के लिए 1200 पुस्तकों की जगह बनाई जाएगी। साथ ही लाइब्रेरी परिसर में पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था होगी।



### विधायक मूणत ने की समीक्षा

करीब 6000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाली इस आधुनिक लाइब्रेरी की ऊंचाई 18 मीटर होगी। रविवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों द्वारा प्रेजेंटेशन भी दिया गया। विधायक राजेश मूणत ने कहा, राजधानी के युवाओं के लिए यह एक उपहार साबित होगा। जिस तरह से नालंदा परिसर ने विद्यार्थियों को बेहतर माहौल दिया है, उसी तरह का यह नया प्रोजेक्ट उन्हें और अधिक सुविधा, स्थान और संसाधन देगा।

# छग योग आयोग का स्थापना दिवस सादगी से मनाया



**रायपुर।** असंग कबीर आश्रम सोनपैरी ने सामाजिक कर्तव्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ योग आयोग स्थापना दिवस पर आयोजन किया। कश्मीर के पहलगाम में हुई दुखद घटना के कारण कार्यक्रम सादगीपूर्ण मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री देवकर साहेब असंग कबीर आश्रम सोनपैरी रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा मां भारती के सचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया। तत्पश्चाप उपस्थित सभी लोगों को योगाभ्यास कराया गया। उसके उपरांत अतिथियों का सम्मान व उद्बोधन हुआ। कार्यक्रम के अंत में कश्मीर पहलगाम में शहीद हुए दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकसभा का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप योगेश्वरानंद योगी, किशोर साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, हिमांशु कुर्रे जनपद सदस्य, प्रणव शर्मा जनपद सदस्य, गौरव देवांगन सहायक लेखा अधिकारी, रविकांत कुंभकार परिवीक्षा अधिकारी, छबि राम साहू, ज्योति साहू, योगीराम साहू सहित योग साधक व ग्राम सोनपैरी के रहवासी शामिल हुए।

# फीडरों का लाइन लॉस 50 फीसदी तक घटा बिजली चोरों, अवैध कनेक्शन को 'स्मार्ट' करंट

- प्रदेशभर में अब हुकिंग से बिजली चोरी करने और अवैध कनेक्शन लेने वालों की खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को लाइन लॉस से हर साल दो हजार करोड़ से ज्यादा का फटका लगता है। इसे कम करने के लिए करीब तीन हजार करोड़ की योजना पर तो अलग से काम चल ही रहा है, लेकिन अब स्मार्ट मीटरों के कारण इस पर लगाम लगाने में भी मदद मिल रही है। प्रदेश में लग रहे स्मार्ट मीटर फीडरों के साथ ट्रांसफार्मरों में लगाए जा रहे हैं। इनके लगने के बाद अब फीडरों की जांच में यह बात सामने आ रही है कि कहां कितना लाइन लॉस हो रहा है। इसकी जांच करने पर बिजली चोरी के साथ ही अवैध कनेक्शनों की जानकारी मिल रही है। इस पर कार्रवाई कर लाइन लॉस को घटाया जा रहा है। राजिम के एक फीडर में 50 फीसदी और राजधानी रायपुर के एक फीडर में 32 फीसदी तक लाइन लॉस कम हुआ है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि फीडरों का लाइन लॉस कम होने से कंपनी का औसत लाइन लॉस भी कम होगा। प्रदेश में सभी पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, इसका प्रारंभ बीते साल पॉवर कंपनी के फीडरों के साथ ही ट्रांसफार्मरों से किया गया। इसी के साथ उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं। जहां सभी फीडरों और ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहीं 16 लाख उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। प्रदेश में 54 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाने हैं।

*देवरी में 18 से 13 फीसदी : बलौदाबाजार के देवरी फीडर में 18 फीसदी के लाइन लॉस को 13, बैकुंठपुर के एक फीडर के 21.88 फीसदी को 6 फीसदी और अंबिकापुर के कॉलोनी फीडर के 31.99 फीसदी लाइन लॉस को 9.16 फीसदी तक लाया गया है। लाइन लॉस का एक कारण पतला जंफर लगाया जाना भी पाया गया है। इन जंफरों को भी ठीक किया जा रहा है, ताकि लाइन लॉस कम हो सके और जितनी बिजली की सप्लाई फीडरों को रही है, वह पूरी उपभोक्ताओं तक पहुंच सके।*



### कहां कितना लाइन लॉस कम

फीडरों और ट्रांसफार्मरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब यह जानकारी सामने आ रही है कि फीडरों में कितनी बिजली की सप्लाई हो रही है और उपभोक्ताओं के घरों तक कितनी बिजली पहुंच रही है। ऐसे में यह अब आसानी से मालूम हो रहा है कि जितनी सप्लाई हो रही है, उससे उपभोक्ताओं की खपत कम है और बाकी बिजली चोरी हो रही है। ऐसे में जांच करके बिजली चोरों का पता लगाकर लाइन लॉस कम किया जा रहा है। अब तक सात फीडरों की जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक, राजिम के 11 केवी के फीडरों में 66 फीसदी लाइल लॉस हो रहा था, जिसको 51 फीसदी कम करके 15 फीसदी तक लाया गया है। इसी तरह से रायपुर सिटी-1 के पीएचक्यू फीडर-1 का लाइन लॉस 35 फीसदी से तीन फीसदी, पीएचक्यू फीडर-2 का 11 फीसदी से सात फीसदी तय लाया गया है।

## खबर संक्षेप



### ससाहोली रेलवे ओवरब्रिज व अंडर ब्रिज में चलना दूभर

**तिल्दा नेवरा।** सासाहोली रेलवे ओवरब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है, जो निर्माण के बाद से ही विवादों में है। ऊपर ओवर ब्रिज बना हुआ है और नीचे अंडर ब्रिज का निर्माण किया है व उक्त रेल्वे अंडर ब्रिज आने- जाने के लिए रास्ता बनाया गया है जिसके सड़क के दोनों तरफ कचरे और बदबू का अंबार है। मुर्गा मुर्गियों के पंख, मछली बाजार का पूरा कचरा सहित अन्य कचरों का अंबार लगा हुआ है। भारी बदबू से राहगीर परेशान है। आने -जाने वाले सभी लोगों को को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

### आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**धरसींवा।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धरसींवा राज ने हाल ही में पहलगाम, कश्मीर में हुए दुखद आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज के सदस्यों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्माओं को याद किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर राजप्रधान श्री नीलमणि परगनिहा सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री परगनिहा ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि यह दुख की घड़ी है और पूरा देश शोक में डूबा हुआ है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए एक बड़ा खतरा है और सभी को मिलकर इसका मुकाबला करना चाहिए। समाज के अन्य सदस्यों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और देश हमेशा उन्हें याद रखेगा। इस शोक सभा में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल हुए और सभी ने नम आंखों से शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### देश में अहिंसा का कोई स्थान नहीं : बजाज

**अभनपुर।** अयोध्या में भव्य राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तथा विश्व पटल पर भारत की बढ़ती साख के चलते पाकिस्तान बौखलाहट में आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से भारत में राजनैतिक अस्थिरता पैदा करना चाहता है। उक्त उदगार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने ग्राम जुलुम एवं कन्हेरा में आयोजित रामचरित मानस गान कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राम व कृष्ण के है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सभापति अन्नू तारक ने कहा कि पहलगाम के हमले से पूरा देश आक्रोश में है तथा इस घटना की जितनी निंदा की जाय कम है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पारसमणी साहू, महामंत्री नेहरू राम साहू, जनपद सदस्य रामेश्वर निषाद, भेखराम साहू, रामकुमार साहू, गुहरी राम पाल, उमेश महराज, उपसरपंच अश्वनी साहू , मन्नू लाल साहू, लोकेश साहू, केशव राम साहू , तुलसीराम साहू , शंकर निषाद, भानु प्रताप साहू, गणेश निषाद , पवन कुमार साहू, सामंत निषाद, ऋषि राम साहू, गुलाब साहू, बालकृष्ण सोनकर, शिवकुमार साहू, केशवराम साहू, नन्दकिशोर निषाद, तामेश्वर रूपेंद्र साहू सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## निधन

### संतोष कुमार साहू

**आरंग।** ग्राम गनौद निवासी 50 वर्षीय संतोष कुमार साहू का बीते मंगलवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीण व परिजन शामिल हुए। वे इंदु साहू के पति व लोकेश कुमार साहू के पिता थे।



---

गुढ़ियारी, रामनगर, कबीरनगर, कोटा सहित शहर के प्रमुख इलाकों को जोड़ने की योजना

# शहर के प्रमुख इलाकों से कनेक्ट होगा प्लेटफार्म नंबर-7, यात्रियों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व मंत्री मूणत के नेतृत्व में डीआरएम रायपुर, कलेक्टर, एसएसपी, निगम कमिश्नर ने किया निरीक्षण

राजधानी के रेल्वे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर-7 अब शहर के प्रमुख इलाकों से कनेक्ट होगा। शहर के भविष्य की ट्रैफिक कनेक्टीविटी को ध्यान में रखकर यह योजना बनाई गई है। इसके तहत गुढ़ियारी, रामनगर, कबीर नगर और कोटा सहित शहर के प्रमुख इलाकों को इससे जोड़ा जाएगा, ताकि यात्रियों को आसान और सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके। साथ ही ट्रैफिक जाम की समस्या से उन्हें निजात मिले।

पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में रविवार को डीआरएम रायपुर, कलेक्टर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और नगर निगम आयुक्त ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-7 क्षेत्र का निरीक्षण किया।

इस मौके पर विधायक श्री मूणत ने कहा, 50 साल की कार्ययोजना का ब्लूप्रिंट तैयार है। गुढ़ियारी सहित पूरे पश्चिम क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। डबल इंजन की सरकार रायपुर शहर के भविष्य की कनेक्टीविटी पर बड़ा कार्य कर रही है। यह परियोजना लाखों लोगों को सीधी राहत देगी, जो कि पहले एक्सप्रेस-वे तक पहुंचने के लिए फाफाडीह और तेलघानी नाका होकर लंबा रास्ता तय करते थे। अब रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 और 7 दोनों को स्मार्ट कनेक्टीविटी के साथ शहर से जोड़ने की बहुप्रतीक्षित योजना धरातल पर उतरने जा रही है। इससे गुढ़ियारी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान भी इस योजना से संभव होगा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रेलवे द्वारा प्लेटफार्म-7 की ओर हो रहे सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इसके बाद शुक्रवारी बाजार से पहाड़ी चौक तक प्रस्तावित लोक निर्माण विभाग के सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान रेलवे और लोक निर्माण विभाग के बीच सड़क के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। रायपुर पश्चिम विधायक श्री मूणत सहित कलेक्टर, एसएसपी, डीआरएम और निगम आयुक्त ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम को जिम्मेदारी दी गई, जिसमें मुआवजा देने का कार्य एसडीएम और तहसीलदार द्वारा किया जाएगा।



### योजना की खास बातें

- पहाड़ी चौक से शुक्रवारी बाजार होते प्लेटफार्म-7 तक सड़क चौड़ीकरण, एक्सप्रेस-वे से डायरेक्ट कनेक्टीविटी
- यह प्रोजेक्ट रायपुर की सबसे बड़ी कनेक्टीविटी परियोजना में से एक होगा।
- तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे से प्लेटफार्म नंबर-7 तक अंडरपास का निर्माण प्रस्तावित
- 20 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी।
- लोक निर्माण विभाग और राजस्व महकमे ने सर्वे का कार्य तकरीबन पूरा कर लिया है।
- क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने लोक निर्माण विभाग को 15 मई तक विस्तृत प्रजेंटेशन देने कहा

# पेयजल संकट को भी विशेष सामान्य सभा के एजेंडे में शामिल किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- कांग्रेस से महापौर प्रत्याशी रहीं दीप्ति दुबे ने सभापति सूर्यकांत राठौर से की मांग

कांग्रेस पार्टी से महापौर प्रत्याशी रहीं नेत्री दीप्ति दुबे ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बुलाई गई विशेष सामान्य सभा की बैठक के साथ पेयजल समस्या को एजेंडे में शामिल करने की मांग की है। श्रीमती दुबे ने सभापति सूर्यकांत राठौर से आग्रह किया है भीषण जलसंकट से गुजर रहे शहर की समस्या एवं उसके समाधान पर विशेष सामान्य सभा के एजेंडे में चर्चा कराई जाए।

राजधानी में पेयजल समस्या को निगम की विशेष सामान्य सभा में शामिल करने की मांग उठी है। दीप्ति-प्रमोद दुबे ने कहा कि 225 से ज्यादा मोहल्ले में पानी की भारी किल्लत चल रही है, साथ ही बहुत सारे इलाकों में डुप्लीकेट पाइपलाइन एवं लीकेज के चलते लोगों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी सरकार को शहर में पानी टैंकरों की संख्या बढ़ाने की जगह उन क्षेत्रों में जहां पाइपलाइन बिछी है, वहां तक पानी कैसे पहुंचे, इसकी चिंता करनी चाहिए। श्रीमती दुबे ने कहा कि विशेष सामान्य सभा के प्रमुख एजेंडे में पेयजल को प्राथमिकता से रखा जाना था, लेकिन जो विशेष सामान्य सभा हो रही है, उसमें वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर प्रस्ताव पारित होना है, जिसे कभी भी किया जा सकता था।

उन्होंने यह भी कहा कि जिन वार्डों में पेयजल संकट है, उस जोन की बैठक में वहां के पार्षदों को जरूर शामिल किया जाए, ताकि वहां की समस्या के बारे में वे जानकारी दे सकें। कई वार्डों में यह देखने को मिल रहा है कि अफसर और चिन्हित जनप्रतिनिधियों को बुलाकर बैठक ली जा रही है, जबकि उस वार्ड के पार्षद को शामिल नहीं किया जाना चिंता का विषय है। अभी तक पेयजल संकट को लेकर तीन से चार बैठक हो चुकी है, लेकिन प्रेशर से पानी देने को छोड़कर टैंकर बढ़ाने की बात सामने आ रही है, जो निगम की विफलता को इंगित करती है।

# पार्षद रेणु ने सर्वेक्षण कर 700 चप्पल और सेंडिल वितरित की

**धरसींवा।** विधान सभा धरसींवा के अंतिम छोर के गांव व रायपुर के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 51 में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने इंसानियत के मायने को और गहरा कर दिया। यहां की पार्षद रेणु जयंत साहू, सिर्फ एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के लिए एक संवेदनशील हृदय भी रखती हैं। वार्ड की समस्याओं को लेकर जब कुछ महिलाएं और बच्चे पार्षद रेणु के कार्यालय पहुंचे, तो उन्होंने उनकी शिकायतों को ध्यान से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। लेकिन, जब ये मासूम और महिलाएं नंगे पांव तपती दोपहरी में वापस लौटने लगे, तो गर्म जमीन पर उनके नाजुक पैरों का जलना देखकर पार्षद रेणु की आंखें नम हो गईं। पार्षद रेणु ने अपने वार्ड के अन्य गरीब परिवारों को भी नए चप्पल पहनाने का संकल्प लिया। और सर्वेक्षण कर लगभग 700 चप्पल और सेंडिल वितरण किये।





# नौकरी लगाने के नाम पर ठगे 10 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती पुलिस ने सात वर्ष पूर्व नौकरी लगाने का झांसा देकर एक महिला से 10 लाख ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जालसाज ने धमतरी की एक महिला को हॉस्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की थी, साथ ही ब्लैंक चेक दिया था, जो बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। कौशल्या चंदेल की शिकायत पर पुलिस ने शंकरलाल साहू को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शंकरलाल अपने साथी रामाधार बंजारे के साथ मिलकर महिला को ठगी का शिकार बनाया था। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पहचान रामाधार तथा शंकर से हुई थी। दोनों ने महिला को झांसा देते हुए कहा कि वे दलित वर्ग के उत्थान के लिए काम करते हैं और उन्हें उनकी योग्यतानुसार सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने का काम करते हैं। दोनों ने महिला को झांसा देते हुए कहा कि वे उनकी संस्था छत्तीसगढ़ हरिजन सेवा संघ को कुछ शुल्क उपलब्ध कराने पर हॉस्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगवा देंगे। जालसाजों ने महिला से किस्तों में पैसे लेकर ठगी का शिकार बनाया।



# शानदार प्रदर्शन कर लौटे खिलाड़ियों का किया भव्य स्वागत

**आरंग।** वर्ल्ड मोंटेक्स बॉल क्रिकेट फेडरेशन द्वारा नेपाल में अयोजित 10वी साउथ एशियन मॉन्टेक्स बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के 5 खिलाड़ियों जिसमे आरंग क्रिकेट क्लब से अंडर 14 में अक्षत साहू, वीर मानिकपुरी, अंडर 17 में गोपी पाल, सिनियर वर्ग में सोमनाथ लोधी, मुंगेली जिले से सिनियर वर्ग में जितेश्वर सिंह ने भारतीय मोंटेक्स बॉल क्रिकेट टीम का नेतृत्व किया। आरंग युवा एवं खेल संगठन अध्यक्ष अमन साहू ने बताया कि 10वी साउथ एशियन मॉन्टेक्स बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसे देशों ने भाग लिया। भारतीय टीम का नेतृत्व कर रहे आरंग क्रिकेट क्लब के सोमनाथ लोधी ने श्रीलंका के खिलाफ 3 विकेट, अक्षत साहू ने 2 विकेट और वीर मानिकपुरी ने 10 रन, जितेश्वर ने 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में अक्षत 2 विकेट, सोमनाथ 4 विकेट और गोपी 22 रन, जितेश्वर ने 36 रनों की शानदार पारी खेली। फाइनल में सोमनाथ ने 4 विकेट और जितेश्वर के 26 रनों के शानदार प्रदर्शन के बाद भी भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा और रजत पदक प्राप्त किया। जितेश्वर सिंह को प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट बॉलर का अवार्ड सोमनाथ लोधी को मिला।

- वर्ल्ड मोंटेक्स बॉल क्रिकेट फेडरेशन द्वारा नेपाल में हुई प्रतियोगिता

### खिलाड़ियों का बस स्टैंड में हुआ भव्य स्वागत

शानदार प्रदर्शन करके आरंग लौटने पर सभी खिलाड़ियों का ढोल बाजा, माला, पटाखों के साथ मिठाई खिलाकर पूरे उत्साह के साथ बस स्टैंड पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात सभी खिलाड़ियों को विधायक कार्यालय आरंग में छत्तीसगढ़ के खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने बधाई दी। इस अवसर पर आरंग युवा एवं खेल संगठन संरक्षक योगेन्द्र चन्द्राकर, सचिव मनीष सोनकर, विजय साहू, खिलेश धुरंधर, शैलेंद्र लोधी, टिक्कू लोधी, भोलाराम साहू, संतोष साहू, कान्हा साहू, जवाहर पाल, लक्ष्मण पाल, रमेश देवांगन, देव जलक्षत्री, पंकज सिदार, चमन सिंहा, सुशील जलक्षत्री, नरेंद्र लोधी, सूरज लोधी, गोविंद साहू, राहुल पाल, राकेश सोनकर, खिलाड़ियों के माता पिता, नगरवासी, जन प्रतिनिधि गण, सामाजिक प्रतिनिधिगण, संगठन के सभी सदस्य व खिलाड़ी उपस्थित थे।



## पेज 13 के शेष ..

### आवेदन 5 मई...

हुई थी। भवन निर्माण होने के बाद अभियांत्रिकी महाविद्यालय के कैंपस को खाली कर दिया गया था। इस खाली पड़े हिस्से में ही फॉरेंसिक विवि खोला जा रहा है। भविष्य में कोर्स और की संख्या बढ़ाने तथा लगभग 400-500 करोड़ रुपये की लागत से नया अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना भी प्रस्तावित है।

### महादेव से अलग एक...

उर्फ बाबू, बिलासपुर निवासी घनश्याम मनूजा उर्फ बबलू, गगन तोलानी, धमतरी निवासी विवेक नरसिंघानी तथा मध्यप्रदेश जबलपुर निवासी धर्मेंद्र राजानी उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के द्वारिकापुरी से राकेश मदनानी सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस के मुताबिक राकेश के भाई को पूर्व में खम्हारडीह थाने की पुलिस ने सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, उसी की निशानदेही पर पुलिस ने दिल्ली में छापे की कार्रवाई की।

### नामांतरण की ट्रेनिंग ...

तत्काल नामांतरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए सुगम एप में व्यवस्था की जा रही है। रजिस्ट्री के बाद, नामांतरण की प्रक्रिया सीधे राजस्व विभाग की वेबसाइट पर शुरू हो जाएगी। पटवारी को सूचना मिलने के बाद 7 दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन जमा करना होगा और पटवारी के विलंब करने पर मामला स्वतः ही अग्रेषित हो जाएगा। नामांतरण के मामले में ग्राम पंचायत हितबद्ध पक्षकारों को 15 दिनों का ईश्तहार जारी करेगा। यदि निर्धारित समय में आपत्ति नहीं आती है तो नामांतरण कर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में पंजीयन के बाद तत्काल नामांतरण की प्रक्रिया 29 अप्रैल से लागू होने की उम्मीद है।

# संकुल के प्रधान पाठकों को दी विदाई

**तिल्दा नेवरा।** संकुल केंद्र निनवा के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्री जितेंद्र कुमार वर्मा एवं प्राथमिक शाला निनवा के पदोन्नत प्रधान पाठक उपासना वर्मा को ससम्मान विदाई दी। इस अवसर पर सरपंच गोविंद सारंग ने दोनों प्रधान पाठकों की मंगलमय एवं सुदीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं एचएम धीरही सर ने सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी बताया, अपने पुराने संबंधों को भी याद किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संकुल समन्वयक नरोत्तम ध्रुव ने बताया कि शासकीय आदेशों एवं निर्देशों के पालन में दोनों प्रधान पाठक सदैव तत्पर रहे हैं। संकुल प्रभारी प्राचार्य श्री गोपाल प्रसाद वर्मा ने एक आदर्श शिक्षक की संज्ञा दिए। दोनों प्रधान पाठकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम जिस प्रकार समाज में गरीब तबके के बच्चों को शिक्षा देते है, उनके लिए अपने दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना है। इस आयोजन में शिक्षक निर्मल कुमार साहू, बलराम यदु और मोहन खरे का विशेष भूमिका रही है। संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।



# पीपला ने किया 70 जलपात्रों का वितरण

**आरंग।** रविवार को सामाजिक संगठन पीपला फाउंडेशन ने जलदान महाअभियान मुहिम के तहत 70 जलपात्रों का वितरण किया। फाऊंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया नगर के दुर्गा बिहार, केवसी पारा, ब्राम्हण पारा, बस स्टैंड, सुमन कालोनी, बालाजी कालोनी, अटल कालोनी, दीनदयाल कालोनी, बागेश्वर पारा, भांडदेवल पारा, श्याम बाजार, ब्लाक कालोनी, आजाद चौंक सहित नगर के सभी चौंक चौराहों पर जलपात्र वितरण किया जा चुका हैं। किंतु अभी भी जलपात्रों की काफी मांग है। जिसके लिए पर्याप्त जन सहभागिता की आवश्यकता है।अब तक इनकी संस्था 200 से अधिक जलपात्र वितरण कर चुके हैं। जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है लगातार जलपात्र की मांग भी बढ़ती जा रही है। जिसे देखते हुए फाउंडेशन ने इस मुहिम के लिए से जनमानस से बढ़ चढ़कर जनसहयोग करने अपील किए हैं। वहीं जलपात्र वितरण में संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, सचिव अभिमन्यु साहू, संयुक्त सचिव संजय मेश्राम, सक्रिय सदस्य प्रतीक टोंड्रे, रमेश देवांगन, राहुल पटेल ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



**GURUKUL PUBLIC SCHOOL ARANG**
NEAR KALAI CHOWK, KHARORA ROAD ARANG
DIST.- RAIPUR C.G.- 483441, Contact No. 7000185069

ADVERTISEMENT

PRT - All Subject
FRONT OFFICE EXECUTIVE

- Fluency in English with computer knowledge.
- Selection Process: Interview, Demo Class.
- Salary: as per the qualification & experience.
- Last Date: 30 days from the publication of advertisement.

Send a resume in Email ID :
gurukulpublicschoolarang@gmail.com

डॉ. गिरधारी लाल लोधी
अध्यक्ष / सचिव
भैया लाल सेवा संस्थान
आरंग, जिला - रायपुर छ.ग.

# भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

प्रधानमंत्री मोदी के महत्वपूर्ण योजना और कार्यक्रमों में से एक मन की बात है जो हर महीने के आखिरी रविवार को होता है जो शहर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद के नेतृत्व में भाजपा तिल्दा शहर मंडल के सभी बूथ में मन की बात सुनने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम है मोदी का जिसे भाजपा कार्यकर्ता पूरे लगन से कार्यक्रम को संपन्न कराते हैं और सुनते हैं। मोदी जी मन की बात के माध्यम से देश के विभिन्न जन सेवा में लगे विभूतियों का सम्मान एवं जनहित के योजनाओं का कार्यक्रमों का मन की बात के माध्यम से आम कार्यकर्ताओं से और जनता से साझा करते हैं मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड बूथ क्रमांक 178 में मुख्य अतिथि चंद्रकला वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका, सभापति श्रीमती रानी सौरभ जैन, ईश्वर यदु सभापति, सौरभ जैन मंडल महामंत्री ,अमरजीत पासवान, देवकी बाघमार, राजू कुरैशी आदि कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी। वहीं मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम भाजपा तिल्दा शहर मंडल के विभिन्न शक्ति केंद व बूथ में सुना गया।








# सिविल इंजीनियर्स से व्यापम ने पूछा-सुआ नृत्य का दूसरा नाम, रायपुर में किसने तोड़ा नमक कानून?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

व्यापम द्वारा रविवार को आयोजित हुई भर्ती परीक्षा में सिविल इंजीनियर्स से कई रोचक सवाल पूछे गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत उप अभियंता सिविल इंजीनियर और विभागीय यांत्रिकी के पदों पर भर्ती के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके लिए व्यापम को 25,700 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 64 प्रतिशत ही परीक्षा दिलाने पहुंचे, हालांकि व्यापम की पिछली भर्ती परीक्षाओं की तुलना में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या अधिक है। प्रातःकाल 10 बजे से 12.15 तक एक पाली में इस परीक्षा हुई। इसके लिए रायपुर में 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

- 25 हजार 700 अभ्यर्थियों ने किया था आवेदन, इनमें से 64 प्रतिशत रहे उपस्थित

देर शाम तक प्रदेश के किसी भी जिले में नकल प्रकरण अथवा किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना व्यावसायिक परीक्षा मंडल को प्राप्त नहीं हुई थी। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के अनुसार, प्रश्नों का स्तर औसत रहा। विशेष रूप से सामान्य ज्ञान और छत्तीसगढ़ आधारित सवालों का स्तर सामान्य रहा। गणित संबंधित कुछ सवाल कठिन रहे।

## रायपुर में बनाए गए थे 20 केंद्र, औसत रहे परीक्षा में पूछे गए सवाल

### विज्ञान आधारित सवाल भी

परीक्षार्थियों से जनपद पंचायत प्रक्रिया सहित पंच संबंधित सवाल पूछे गए। प्रकाश के किस रंग का विचलन सबसे ज्यादा होता है, राज्यवार लोकसभा सीटों की संख्या, सुआ नृत्य के दूसरे नाम, धनकुल एवं जगार गीत संबंधित सवाल, रायपुर में नमक कानून किसने तोड़ा, चैतुरगढ़ लाफा कहां है, सातवाहन कालीन सिक्के कहां मिले हैं, छग के वनों का क्षेत्रफल कितना है जैसे सवाल पूछे गए। परीक्षार्थियों को दो घंटे में 100 सवाल हल करने थे। प्रश्नों के स्तर को देखते हुए समय कम पढ़ने जैसी शिकायत भी अभ्यर्थियों की नहीं रही।



### प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत इस सप्ताह से

व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत मौजूदा सप्ताह से हो जाएगी। एक मई को व्यापम द्वारा पीपीटी और प्रीएमसीए का आयोजन होगा। तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित पॉलिटेक्निक और कंप्यूटर एप्लीकेशन पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए ये प्रवेश परीक्षाएं होंगी। 5 जून तक प्रवेश परीक्षाओं का सिलसिला चलेगा। इस दौरान व्यापम द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाएं रुक जाएंगे। अगली भर्ती परीक्षा 15 जून को सहायक विकास विस्तार अधिकारी की होगी।

## खबर संक्षेप

### आतंकी हमले में शहीद मिरानिया को जोगी परिवार ने दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की सुप्रीमो डॉ. रेणु जोगी एवं प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए व्यवसायी दिनेश मिरानिया के परिजनों से मुलाकात कर शोक जताया। इस दौरान उन्होंने उनके स्व. मिरानिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृति को नमन किया तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान किया। डॉ. रेणु जोगी ने कहा, आतंकवाद की इस कायराना घटना ने न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे समाज को झकझोर दिया है। हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं और इस संकट के समय में हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हैं। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस घटना को राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के लिए चुनौती बताते हुए सभी देशवासियों से शांति और सद्भाव बनाए रखने का अनुरोध किया है।

## निधन

### डॉ. महेंद्र प्रकाश पुजारी



**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल के सेवानिवृत्त वरिष्ठ चिकित्सक, पुजारी निवास एमजी रोड निवासी डॉ. महेंद्र प्रकाश पुजारी का 27 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे रवि प्रकाश, संतोष, राजेश, मनीष व श्वेता के पिता थे।

### लखुमल मीरघानी



**रायपुर।** कुकरेजा फार्म हाउस के पीछे प्रगति विहार अमलीडीह निवासी लखुमल मीरघानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अप्रैल को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे संजय, निक्की मीरघानी के पिता थे।

### प्रकाश आडवानी



**रायपुर।** होली एंजल स्कूल के पास न्यू राजेंद्र नगर,निवासी प्रकाश आडवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 अप्रैल को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सच्चानंद आडवानी के भतीजे एवं दीपक, शिवराज, जितेंद्र, मनोहरलाल, राजकुमार, अनिल, दिलीप, अजय, संजय, मनीष आडवानी के भाई थे।

### गोपाल व्यास



**रायपुर।** मठपारा बजरंग चौक निवासी गोपाल व्यास का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 अप्रैल को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे पं. विट्ठल प्रसाद व्यास के पुत्र, गोविंद व्यास, मुरलीधर, मनीष कुमार, नंदकिशोर एवं आशीष व्यास के भाई एवं नवनीत के पिता थे।

### विमला बाई तरोगे



**रायपुर।** बच्चन चौक कुंदरापारा गुढ़ियारी निवासी विमला बाई तरोगे का 27 अप्रैल को निधन हो गया। वे योगेश तरोगे एवं प्रवीण तरोगे की माता थीं।

## गुढ़ियारी, रामनगर, कबीरनगर, कोटा सहित शहर के प्रमुख इलाकों को जोड़ने की योजना

# शहर के प्रमुख इलाकों से कनेक्ट होगा प्लेटफार्म नंबर-7, यात्रियों को ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के रेल्वे स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर-7 अब शहर के प्रमुख इलाकों से कनेक्ट होगा। शहर के भविष्य की ट्रैफिक कनेक्टीविटी को ध्यान में रखकर यह योजना बनाई गई है। इसके तहत गुढ़ियारी, रामनगर, कबीर नगर और कोटा सहित शहर के प्रमुख इलाकों को इससे जोड़ा जाएगा, ताकि यात्रियों को आसान और सुगम आवागमन उपलब्ध हो सके। साथ ही ट्रैफिक जाम की समस्या से उन्हें निजात मिले।

- पूर्व मंत्री मूणत के नेतृत्व में डीआरएम रायपुर, कलेक्टर, एसएसपी, निगम कमिश्नर ने किया निरीक्षण

पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में रविवार को डीआरएम रायपुर, कलेक्टर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और नगर निगम आयुक्त ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-7 क्षेत्र का निरीक्षण किया।

इस मौके पर विधायक श्री मूणत ने कहा, 50 साल की कार्ययोजना का ब्लूप्रिंट तैयार है। गुढ़ियारी सहित पूरे पश्चिम क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। डबल इंजन की सरकार रायपुर शहर के भविष्य की कनेक्टीविटी पर बड़ा कार्य कर रही है। यह परियोजना लाखों लोगों को सीधी राहत देगी, जो कि पहले एक्सप्रेस-वे तक पहुंचने के लिए फाफाडीह और तेलघानी नाका होकर लंबा रास्ता तय करते थे। अब रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 और 7 दोनों को स्मार्ट कनेक्टीविटी के साथ शहर से जोड़ने की बहुप्रतीक्षित योजना धरातल पर उतरने जा रही है। इससे गुढ़ियारी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान भी इस योजना से संभव होगा।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रेलवे द्वारा प्लेटफार्म-7 की ओर हो रहे सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इसके बाद शुक्रवारी बाजार से पहाड़ी चौक तक प्रस्तावित लोक निर्माण विभाग के सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान रेलवे और लोक निर्माण विभाग के बीच सड़क के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। रायपुर पश्चिम विधायक श्री मूणत सहित कलेक्टर, एसएसपी, डीआरएम और निगम आयुक्त ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम को जिम्मेदारी दी गई, जिसमें मुआवजा देने का कार्य एसडीएम और तहसीलदार द्वारा किया जाएगा।

### योजना की खास बातें

- पहाड़ी चौक से शुक्रवारी बाजार होते प्लेटफार्म-7 तक सड़क चौड़ीकरण, एक्सप्रेस-वे से डायरेक्ट कनेक्टीविटी
- यह प्रोजेक्ट रायपुर की सबसे बड़ी कनेक्टीविटी परियोजना में से एक होगा।
- तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे से प्लेटफार्म नंबर-7 तक अंडरपास का निर्माण प्रस्तावित
- 20 मीटर चौड़ी सड़क बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी।
- लोक निर्माण विभाग और राजस्व महकमे ने सर्वे का कार्य तकरीबन पूरा कर लिया है।
- क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने लोक निर्माण विभाग को 15 मई तक विस्तृत प्रजेंटेशन देने कहा

# पेयजल संकट को भी विशेष सामान्य सभा के एजेंडे में शामिल किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस पार्टी से महापौर प्रत्याशी रहीं नेत्री दीप्ति दुबे ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बुलाई गई विशेष सामान्य सभा की बैठक के साथ पेयजल समस्या को एजेंडे में शामिल करने की मांग की है। श्रीमती दुबे ने सभापति सूर्यकांत राठौर से आग्रह किया है भीषण जलसंकट से गुजर रहे शहर की समस्या एवं उसके समाधान पर विशेष सामान्य सभा के एजेंडे में चर्चा कराई जाए।



राजधानी में पेयजल समस्या को निगम की विशेष सामान्य सभा में शामिल करने की मांग उठी है। दीप्ति-प्रमोद दुबे ने कहा कि 225 से ज्यादा मोहल्ले में पानी की भारी किल्लत चल रही है, साथ ही बहुत सारे इलाकों में डुप्लीकेट पाइपलाइन एवं लीकेज के चलते लोगों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी सरकार को शहर में पानी टैंकरों की संख्या बढ़ाने की जगह उन क्षेत्रों में जहां पाइपलाइन बिछी है, वहां तक पानी कैसे पहुंचे, इसकी चिंता करनी चाहिए। श्रीमती दुबे ने कहा कि विशेष सामान्य सभा के प्रमुख एजेंडे में पेयजल को प्राथमिकता से रखा जाना था, लेकिन जो विशेष सामान्य सभा हो रही है, उसमें वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर प्रस्ताव पारित होना है, जिसे कभी भी किया जा सकता था।

### नौकरी दिलाने का झांसा, ठगे 10 लाख, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने सात वर्ष पूर्व नौकरी लगाने का झांसा देकर एक महिला से 10 लाख ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जालसाज ने धमतरी की एक महिला को हॉस्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की थी, साथ ही ब्लैंक चेक दिया था, जो बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। कौशल्या चंदेल की शिकायत पर पुलिस ने शंकरलाल साहू को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शंकरलाल अपने साथी रामाधार बंजारे के साथ मिलकर महिला को ठगी का शिकार बनाया था। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पहचान रामाधार तथा शंकर से हुई थी। दोनों ने महिला को झांसा देते हुए कहा कि वे दलित वर्ग के उत्थान के लिए काम करते हैं और उन्हें उनकी योग्यतानुसार सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने का काम करते हैं। दोनों ने महिला को झांसा देते हुए कहा कि वे उनकी संस्था छत्तीसगढ़ हरिजन सेवा संघ को कुछ शुल्क उपलब्ध कराने पर हॉस्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगवा देंगे। जालसाजों ने महिला से किस्तों में पैसे लेकर ठगी का शिकार बनाया।



# पहलगाम हमले में दिवंगत सैलानियों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चौबे समता कॉलोनी रिटायर्ड अधिकारी संघ ने गायत्री भवन समता कॉलोनी के सभागार में बड़ी संख्या में एकत्रित होकर पहलगाम में निर्दोष 27 भारतीयों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत भारतीयों में समता कॉलोनी निवासी स्व. दिनेश मिरानिया (अग्रवाल) भी शामिल थे, उन्हें भी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संघ के संरक्षक पूर्व आईएएस अधिकारी दुर्गेश मिश्रा, पूर्व आईपीएस प्रदीप नारायण तिवारी, पूर्व शिक्षा विनियमन आयोग के अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार शुक्ला, पूर्व संयुक्त कलेक्टर अशोक तिवारी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के चिंतक, लेखक कवि संजीव ठाकुर, पूर्व माइनिंग अधिकारी अध्यक्ष संजय शर्मा, वन विभाग के पूर्व अधिकारी चंद्रकांत पांडे, मछली विभाग के राजेंद्र सिंह ठाकुर, पवन कुमार दुबे, ईश्वरी प्रसाद तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, समाजसेवी भूपेंद्र शर्मा, रिटायर्ड बैंक अधिकारी आईडी मानिकपुरी समेत पार्षद आनंद अग्रवाल एवं अन्य नागरिक भी मौके पर उपस्थित थे।

- चौबे समता कॉलोनी रिटायर्ड अधिकारी संघ ने किया नमन



### भोजपुरी समाज ने पहलगाम दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

अखिल भारतीय भोजपुरी समाज, बिरगांव में बड़ी संख्या में एकत्र होकर पहलगाम नरसंहार में मारे गए निर्दोष लोगों के लिए मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। समाज के सदस्यों ने हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद की तख्तियां लेकर पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए। भोजपुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तिनाथ पांडे ने कहा कि इस तरह के नरसंहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आतंकवाद के खिलाफ पूरे देशभर में भोजपुरी समाज एकजुट होकर संघर्ष करेगा। साथ ही आतंकियों के खात्मे के लिए जनाक्रोश रैली निकाली। श्री पांडे ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्रालय से आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की अपील की। भोजपुरी समाज के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए।



### मरीन ड्राइव में कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि



पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शहीदों को आज श्याम नगर नवजागरण विकास समिति के बैनर तले तेलीबांधा तालाब, मरीन ड्राइव में विशाल कैंडल मार्च निकालकर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

समिति के संरक्षक दीपक भारद्वाज पोल्ले एवं अध्यक्ष गुरमीत सिंह टोनी ने संयुक्त विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि यह नरसंहार कितना हृदयविदारक है, पूरा देश आक्रोशित है और अब पाकिस्तान को सबक सिखाने की जरूरत है। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, संतोष साहू, प्रदीप वर्मा, गुरमीत सिंह टोनी, संदीप परिहार, कुबेर सपहा, बलविंदर गिल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# नामांतरण प्रक्रिया में बदलाव से भूमि विवाद और बढ़ेंगे

सरकार के इस फैसले से आम जनता की जमीन छिनने का खतरा बढ़ा : सुशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने सरकार द्वारा भूमि नामांतरण प्रक्रिया में बदलाव किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, भू-माफिया को लाभ पहुंचाने साय सरकार ने नामांतरण का पूरा सिस्टम उपपंजीयकों के हाथ सौंप दिया है। कोई तहसील जांच नहीं कर पाएगी, किसी ग्रामसभा के प्रस्ताव की आवश्यकता नहीं होगी, जमीन के असल मालिक को खबर तक नहीं होगी, कोई रुकावट नहीं होगी और भू-माफिया को जमीन हड़पने का आसान रास्ता मिल जाएगा। ऐसा होने पर राजस्व के प्रकरणों का विवाद और अधिक बढ़ने वाला है। सरकार के इस फैसले से आम जनता की जमीन छिनने पर खतरा बढ़ गया है।



नामांतरण प्रक्रिया से संबंधित ग्रामसभा और तहसीलदार के अधिकारों को बाईपास करने से भू-माफिया द्वारा फर्जीवाड़ा कर जमीन हथियाने का खेल आसान हो जाएगा। नए नियम में बिना दावा-आपत्ति के, बिना इश्तेहार प्रकाशन के, बिना नोटिस तामील किए ही अब नामांतरण हो जाएगा। सवाल यह है कि ऐसे नामांतरण के पश्चात ऋण पुस्तिका किसके द्वारा प्रमाणित की जाएगी? राजस्व अभिलेख का संधारण कौन करेगा? गलत नामांतरण पर सुनवाई कौन करेगा? क्योंकि पंजीयक के न्यायिक अधिकार नहीं होते। साय सरकार का फोकस आम जनता का हित नहीं, बल्कि भू-माफिया की अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने में है।

### फर्जीवाड़े को पकड़ना मुश्किल

उन्होंने कहा, ऐसे अनेकों मामले सामने आए हैं, जिसमें भू-माफिया ने जमीन क्रेता को बताए बिना ही बैंकों में कर्ज के लिए दर्ज जमीन या बंधक भूमि को बेच दिया। इस तरह की जमीन की रजिस्ट्री उपपंजीयक कार्यालय में हो भी जाती है। जब नामांतरण के लिए मामला तहसील और संबंधित ग्रामसभा तक पहुंचता है तो इस तरह की त्रुटियां/फर्जीवाड़े उजागर हो पाते हैं। अब जब नए आदेश के अनुसार उपपंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री होते ही स्वतः नामांतरण हो जाएगा तो ऐसे फर्जीवाड़े को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन होगा। यदि नए आदेश के मुताबिक बिना किसी जांच के नामांतरण पूरा हो जाता है तो असली मालिक को बिना सूचना के ही जमीन से हाथ धोना पड़ेगा।

**सूने मकान में धावा, 65 हजार की चोरी** : **रायपुर।** मुजगहन थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 43 हजार रुपए सहित 65 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रघुनंदन दास ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रघुनंदन ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर 18 से 24 अप्रैल के बीच उसके सूने मकान में चोरी की है।

# कुरीतियों को दूर करने धोबी समाज का रचनात्मक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ धोबी समाज गुरुर राज के महाधिवेशन में एक से बढ़कर एक रचनात्मक निर्णय लिया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से मांगलिक कार्य, शादी छट्ठी में कानफोड़ डीजे पर प्रतिबंध और खुशहाली मनाने गांव के ही छत्तीसगढ़िया गड़वा बाजा का उपयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार रिश्ते तय करते समय कोई ठगी का शिकार न हो, जिसे ध्यान में रखते हुए दोनों पक्षों का चिकित्सा प्रमाणपत्र तथा दोनों पक्ष के सामाजिक मुखिया की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के निर्देशन पर यह अभियान पूरे प्रदेश में चल रहा है, जिसका परिपालन गुरुर राज धोबी समाज कर रहा है। समाज के अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर ने बताया, कन्या विवाह में 5000 की सहायता राशि कन्या पक्ष को प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार किसी के मृत्यु होने पर कफन के बदले दान राशि दी जाएगी और मृत्युभोज में कलेवा की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। इस निर्णय में राज्यभर के मुखिया सम्मिलित हुए, जिसमें प्रमुख रूप से राजनांदगांव जिले के अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, दुर्ग जिले के अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, संरक्षक धरमलाल निर्मलकर आदि शामिल हुए।




## पेज 13 के शेष ..

### आवेदन 5 मई...

हुई थी। भवन निर्माण होने के बाद अभियांत्रिकी महाविद्यालय के कैंपस को खाली कर दिया गया था। इस खाली पड़े हिस्से में ही फॉरेंसिक विवि खोला जा रहा है। भविष्य में कोर्स और की संख्या बढ़ाने तथा लगभग 400-500 करोड़ रुपये की लागत से नया अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना भी प्रस्तावित है।

### महादेव से अलग एक...

उर्फ बाबू, बिलासपुर निवासी घनश्याम मनूजा उर्फ बबलू, गगन तोलानी, धमतरी निवासी विवेक नरसिंघानी तथा मध्यप्रदेश जबलपुर निवासी धर्मेंद्र राजानी उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के द्वारिकापुरी से राकेश मदनानी सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस के मुताबिक राकेश के भाई को पूर्व में खम्हारडीह थाने की पुलिस ने सट्टा संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, उसी की निशानदेही पर पुलिस ने दिल्ली में छापे की कार्रवाई की।

### नामांतरण की ट्रेनिंग ...

तत्काल नामांतरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए सुगम एप में व्यवस्था की जा रही है। रजिस्ट्री के बाद, नामांतरण की प्रक्रिया सीधे राजस्व विभाग की वेबसाइट पर शुरू हो जाएगी। पटवारी को सूचना मिलने के बाद 7 दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन जमा करना होगा और पटवारी के विलंब करने पर मामला स्वतः ही अग्रेषित हो जाएगा। नामांतरण के मामले में ग्राम पंचायत हितबद्ध पक्षकारों को 15 दिनों का ईश्तहार जारी करेगा। यदि निर्धारित समय में आपत्ति नहीं आती है तो नामांतरण कर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में पंजीयन के बाद तत्काल नामांतरण की प्रक्रिया 29 अप्रैल से लागू होने की उम्मीद है।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

17

अक्षय तृतीया पर गुड्डे-गुड़ियों की शादी...

## लाइव इवेंट

## पालक जैसा चाहेंगे बच्चे वैसे बनेंगे पहले खुद की आदतों को भी बदलें



**रायपुर।** पालक अपने बच्चों को चाहे जितनी भी शिक्षा और संस्कार दें, बच्चों पर उसका खास प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि बच्चे अपने माता-पिता का ही अनुसरण करते हैं। आप चाहते हैं कि बच्चे सुबह जल्दी उठें, तो खुद जल्दी उठना शुरू करें। अगर आप मोबाइल से दूरी बनाकर रखेंगे, तो बच्चे भी मोबाइल के उपयोग से गुरेज करने लगेंगे। कहने का मतलब है कि पालक जैसा चाहेंगे, बच्चे वैसा बनेंगे। इसके लिए पहले खुद की आदतों को बदलना होगा। यह बात रविवार को महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल के पेरेंट्स मीटिंग में मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने कही। साथ ही उन्होंने मंडल का इतिहास बताते हुए 90 साल पुरानी संघर्षपूर्ण यात्रा का ब्यौरा दिया।

### जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं

आगे बताया कि बचपन से ही बच्चों को दान, त्याग, अनुशासन का संस्कार देना चाहिए। यह तभी संभव हो पाएगा, जब स्वयं अभिभावकों में यह सद्गुण उनके बच्चे देखेंगे। बच्चे स्कूल में सिर्फ छह घंटे रहते हैं , जबकि बाकी का समय वे घर में परिजनों के बीच बिताते हैं। ऐसे में बच्चों के लालन- पालन से लेकर शिक्षा व संस्कार की बुनियादी जिम्मेदारी पालकों की होती है। हर बात के लिए स्कूल या वहां के शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है।

### भूमिका पर विचार करना चाहिए

महाराष्ट्र मंडल जितनी गौरवशाली संस्था है, उतनी ही विश्वसनीय और प्रसिद्ध संत ज्ञानेश्वर स्कूल भी है। यहां से निकले बच्चे इसरो से लेकर सरकार के कई विभागों में देशभर की जानी- मानी संस्थाओं में स्कूल और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे में हम अपने बच्चों को पढ़ाई और कॅरियर को लेकर भी प्रेरित कर सकते हैं। इस पर परिजनों व शिक्षकों की भूमिका पर हमें विचार करना चाहिए। इसमें पालकों ने स्कूल में बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर कई सुझाव दिए। जिस पर अमल करने का भरोसा भी स्कूल प्रभारी परितोष डोनगांवकर और प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने दिया। नवीन देशमुख ने आभार व्यक्त किया।

### शहर के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव फैमिली के साथ घूमने पहुंचे लोगों को मिला संगीतमय माहौल

# हवाएं द बैंड के लाइव कंसर्ट में झूमे श्रोता, हर दौर के गीतों को सिंगर्स ने स्टेज पर किया परफॉर्म

'शहर के मरीन ड्राइव से लेकर विधानसभा रोड स्थित आंजनेय यूनिवर्ससिटी प्रांगण तक गीत-संगीत का ऐसा दौर जादू चला कि इससे हर वर्ग के श्रोताओं को रविवार की रात खुशनुमा माहौल दिया। इस संगीत की महफिल का लुत्फ उठाने के लिए संगीत प्रेमियों की भीड़ रही। दोनों ही आयोजनों में बॉलीवुड सिंगर्स ने अपने परफॉर्मेंस से संगीत प्रेमियों के बीच गहरी छाप छोड़ी। हर किसी ने इस खास लम्हें को यादगार बनाने का प्रयास किया।'



**रायपुर।** शहर के तेलीबांधा मरीन ड्राइव में शाम को घूमने-फिरने और परिवार के साथ समय बिताने पहुंचे लोगों को संगीतमय माहौल मिला। अवकाश का दिन होने से हर वर्ग के लोग 'हवाएं द बैंड' के इस लाइव कंसर्ट का हिस्सा बने। वहीं, शाम सात बजते ही युवाओं का हुजूम इस संगीत संध्या का लुत्फ उठाने के लिए ग्रुप में पहुंचा। युवाओं के बीच संगीत की दुनिया के उभरते हुए बॉलीवुड सिंगर यश सिंह ठाकुर का 'हवाएं द बैंड' का आयोजन बैंड के मेंबर्स द्वारा किया गया। इसमें श्रोता दीर्घा में हर वर्ग के लोगों ने शामिल होकर इसका आनंद लिया। कुछ इसी तरह युवाओं का उत्साह आंजनेय यूनिवर्ससिटी में देखने को मिला। यहां बॉलीवुड सिंगर अर्जुन कानुनगो ने पहले मीडिया से चर्चा करते हुए अपने अनुभव को साझा किया।

### खुशनुमा मौसम में सजाई महफिल

इस संगीतमय बेहतरीन गायकी का आयोजन मरीन ड्राइव में इसलिए भी किया गया, ताकि यहां संगीत का माहौल मेट्रो सिटी की तर्ज पर विकसित किया जा सके। खुशनुमा माहौल में संगीत संध्या ने भी चार चांद लगाने का काम किया। जहां हर दौर के गीतों की उम्दा प्रस्तुति से लोग झूम उठे। इसमें युवाओं के ग्रुप अलग ही मिजाज में नजर आए। कुछ लोग जहां बैठकर संगीत का लुत्फ ले रहे थे, वहीं कई युवाओं के ग्रुप थिरकने के लिए आतुर नजर आए।

### रीमिक्स थीम पर दी गीतों की प्रस्तुति



इस आयोजन को लोगों ने दिल से सराहा और मरीन ड्राइव में गीत-संगीत की महफिल सजाने की परंपरा का स्वागत भी किया। आधुनिक वाद्ययंत्रों के साथ बैंड ग्रुप से जुड़े फनकारों ने अपने बैंड का थीम सांग 'हवाएं द बैंड' को पेश किया। इसे सुनते ही युवाओं के ग्रुप झूमने को आतुर हो उठे। यह सिलसिला मौसम के बदलते मिजाज के बीच ज्यादा खुशनुमा बना। संगीत प्रेमियों ने हर परफॉर्मेंस के बाद कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया।

### आंजनेय में अर्जून ने मचाई धूम

अर्जुन कानूनगो ने भारतीय गायक और संगीत की दुनिया में ही नहीं, बल्कि रविवार की देर-रात विधान सभा रोड स्थित आंजनेय यूनिवर्ससिटी कैम्पस में यूथ की भीड़ के बीच रंग जमाया। रिकॉर्डिंग कलाकार ने संगीत की ऐसी महफिल सजाई की इसका लुत्फ उठाने के लिए बेमौसम बरसात के बीच संगीत प्रेमी रंगीन लाइटों से जगमगाते लाइव कंसर्ट के लिए सजे मंच के आसपास जमे रहे। जहां साढ़े 11 बजे के बाद अर्जुन ने आते ही आया ना तू..., दिल किसी से..., एक दफा... के साथ ही बाकी बातें...जैसे गीतों से धूम मचाई। यह सिलसिला देर-रात तक यूनिवर्ससिटी कैम्पस में चलता रहा।



### स्टार नाइट फेस्ट में शामिल हुए बॉलीवुड सिंगर अर्जुन ने साझा की यादें

बच्चों के लिए माता-पिता उनके पहले गुरु होते हैं, जो बचपन से सही राह पर आगे बढ़ने के लिए बच्चों को प्रेरित करते हैं। यह कहना है मशहूर गायक अर्जुन कानूनगो का। आंजनेय यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित 'स्टार नाइट फेस्ट' में बॉलीवुड सिंगर शामिल हुए। इस मौके पर गायक अर्जुन का स्वागत यूथ ने तालियों के साथ किया, जहां सभी सेल्फी के लिए लंबी कतार में नजर आए। चर्चा के दौरान सिंगर अर्जुन के बताया कि बचपन से ही गिटार, पिस्तौल शूटर, बास्केटबॉल, शास्त्रीय संगीत जैसे कई कलाओं में रुचि रही। लगभग 21-22 साल की उम्र में पहला कॉन्सर्ट आशा भोसले के साथ करने का मौका मिला।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

*फेस्ट की शुरुआत देर रात को हुई, जहां बारिश के बाद भी फैंस की भीड़ अर्जुन कानूनगो की आवाज सुनने मौजूद रही। जहां कॉन्सर्ट से पहले ही युवाओं का क्रेज देखा गया। शानदार एंट्री के साथ दर्शकों का उत्साह बढ़ता गया। पत्रकारवार्ता के दौरान यूनिवर्सिटी के चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि 30 अप्रैल को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बैंड ग्रुप का परफॉर्मेंस, शास्त्रीय नृत्य, फैशन शो शामिल रहेगा। इसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका और विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे।*

## ऊंचा मुकाम पाने के लिए अब स्किल्ड होना जरूरी



**रायपुर।** जिंदगी में ऊंचा मुकाम बनाने के लिए व्यक्ति का स्किल्ड होना जरूरी है। स्किल्स ही एक व्यक्ति को दूसरे से अलग करती और उसे विशिष्ट बनाती है। नई शिक्षा नीति में इसीलिए स्किल्स पर बहुत जोर दिया गया है। छात्र पढ़ाई के साथ स्किल्स को बढ़ाने की ओर विशेष ध्यान दें, तभी सफलता की सीढ़ियों को चढ़ पाएंगे। अग्रसेन कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. डॉली पाण्डे ने यह बात शासकीय नवीन कॉलेज गुढ़ियारी के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला में कही। 'संप्रेषण कौशल और रचनात्मक लेखन' विषय में विशिष्ट वक्ता के रूप में बात रखी दिल्ली से आए देशकाल सोसायटी के सचिव संजय कुमार ने। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

### सोसायटी ने 20 छात्रों को बुलाया दिल्ली

*यहां के छात्र स्वयं को ठीक से अभिव्यक्त नहीं कर पाते, उनकी तरक्की की राह में अंग्रेजी रोड़ा बनती है। अंग्रेजी के इस रोड़े को दूर करने की शिद्दत से कोशिश करनी होगी, तभी यहां के छात्र राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बना सकेंगे। सोसायटी द्वारा आयोजित होने वाले 'बोधगया ग्लोबल डॉयलॉग' के बारे में छात्रों को अवगत करवाया और कॉलेज के 20 छात्रों को डॉयलॉग में शामिल होने के लिए निमंत्रित भी किया। इनके रहने, खाने की व्यवस्था सोसायटी द्वारा वहन की जाएगी। इसमें प्राचार्या डॉ. मधुलिका अग्रवाल, डॉ. वंदना कुमार ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका डॉ. स्मिता बर्गे ने किया।*

## आचार्य महाश्रमण की कलाकृतियों से कलाकारों ने सजाई आर्ट गैलरी



**रायपुर।** जैन तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें आचार्य महाश्रमण का आगामी 11 मई को 52वें दीक्षा दिवस के अवसर को ध्यानार्थ उनकी कलाकृतियों को कैनवास पर उकेरने के बाद आर्ट गैलरी में सजाया। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में युवक परिषद द्वारा महाश्रमण आर्ट गैलरी का आयोजन इस बार रविवार को किया गया। सुबह 10 से 12 बजे तक तेरापंथ अमोलक भवन में कलाकारों ने महाश्रमण के जीवन प्रसंगों को कैनवास पर उकेरा। इसमें स्थानीय मेंबर्स द्वारा आचार्य महाश्रमण के प्रेरणादायक संदेशों को उनकी कलाकृतियां बनाने के बाद अवलोकनार्थ प्रदर्शित भी किया गया। अनायास बने संयोग और 11वें आचार्यश्री की प्राप्त 11 कृतियों में से 5 कृतियां चयनित करके आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में आयोजित होने वाली आर्ट गैलरी में प्रदर्शित की जाएंगी। इसमें संपूर्ण भारत से प्राप्त कलाकृतियां प्रदर्शित होंगी।

### यह आध्यात्मिक विकास का साधन



इस आर्ट गैलरी का अवलोकन स्वयं आचार्यश्री द्वारा किया जाएगा। तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र डागा ने बताया कि इस तरह की हस्तकला कृतियों का निर्माण करने से धर्म की प्रभावना तो होती ही है, साथ ही बनाने वाले का आध्यात्मिक विकास भी होता है। इस प्रकार के सृजन से आधुनिक युग में व्यक्ति को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अनुसरण करने का अवसर प्राप्त होने की संभावना बनी रहती है। इस लिहाज से ही यह प्रयास किया गया। इसमें समाज की प्रतिभाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा भी लिया है।

## सिटी लाइव

## मस्तिष्क की क्षमता असीमित, इस सुपर कम्प्यूटर का सही उपयोग करने से लक्ष्य भेदना आसान



**रायपुर।** मानव मस्तिष्क की क्षमता असीमित है। इसका सही दिशा में इस्तेमाल करने से किसी भी लक्ष्य को भेदना आसान होता है। शहर की शैक्षणिक एवं सामाजिक युवा संस्था में निःशुल्क कोचिंग करते हुए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं से यह बात मोटिवेशनल स्पीकर मो. सैयद फ़ाज़िल ने कही। उन्होंने छात्रों को सेमिनार की श्रृंखला में मुख्य वक्ता के रूप में बताया कि कोई लक्ष्य बनाकर चल रहे हैं, तो उसे प्राप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास करें। जितना संभव हो आप लक्ष्य को भेदने के लिए अडिग रहें और विषम परिस्थिति में भी अपना ध्यान लक्ष्य पर केन्द्रित करें। साथ ही प्लानिंग के तहत प्रयास भी करें। इसी तरह प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए समय प्रबंधन, आत्म-प्रबंधन और कौशल में सुधार पर ध्यान देने की सलाह दी।

### किताबों व सूचनाओं से प्रेम करें

हर विद्यार्थी और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले को किताबों और सूचनाओं से प्रेम होना चाहिए। जो इनसे दूरी बनाते हैं, ऐसे लोग लक्ष्य से भी भटक जाते हैं। अध्ययन सामग्री व सूचनाओं के संग्रह का भाव होना भी जरूरी है। इसके साथ ही सफलता के लिए सक्रियता और ऊर्जा के साथ ही तैयारी करना चाहिए। जो कंटेट आपके पास हैं, उनकी पुनरावृत्ति होनी चाहिए। यह केवल दोहराव नहीं है, बल्कि यह पुनर्विजुअलाइजेशन है। इसमें सीखी हुई बातों को मानसिक रूप से दोबारा देखा जाता है।



### प्रश्न पत्र को भी चार भागों में बांटें

श्री फ़ाज़िल ने सुझाव देते हुए बताया कि प्रश्न पत्र को चार भागों में बांटने के बाद ही तैयारी शुरू करें। इसमें सबसे अच्छे से जानकारी को पहले क्रम में और जिसका नॉलेज कम है, उसे दूसरे श्रेणी में रखें। जिसके बारे में सबसे कम जानकारी हो उसे तीसरे और जो हमारे लिए अज्ञात है, उसे चौथे स्थान पर ही रखें। इस चुनौती का विकल्प समय का सही उपयोग और आत्म प्रबंधन से सफलता के द्वार भी खुलेंगे। संस्था युवा के वरिष्ठ सदस्य देवलाल साहू ने मुख्य वक्ता मो. सैयद फ़ाज़िल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कार्नर न्यूज

### राजधानी के अंबुजा मॉल में नन्हे मॉडल्स ने मचाई धूम, घूमने पहुंचे लोगों ने की हौसला अफजाई

# बच्चों ने मंझे हुए मॉडल्स की तरह रैम्प वॉक करते हुए आत्मविश्वास से बिखेरा फैशन का जलवा



**रायपुर।** बदलते दौर में बच्चे अब बड़ों की हूबहू नकल करते हुए रोल मॉडल्स जैसी शोखी के साथ ही मंच साझा करने लगे हैं। रविवार को अंबुजा मॉल में आयोजित छत्तीसगढ़ लिटिल ऑइकन किड्स प्रजेंट शो ने सबका दिल जीत लिया। इस भव्य आयोजन में 50 से भी अधिक प्रतिभागी बच्चों ने रैम्प वॉक करते हुए अपने आत्मविश्वास, प्रतिभा और मासूमियत का अद्भुत संगम पेश किया। उनके अनोखे अंदाज को हर किसी ने सराहा और उनका हौसला अफजाई करने में भी किसी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी। इसमें हर वर्ग के लोग उनके बीच दर्शक के रूप में मौजूद थे।

### स्टार्स की तरह अंदाज, लूटी वाहवाही

छत्तीसगढ़ लिटिल ऑइकन का यह आयोजन नन्हें प्रतिभागियों और उनके परिवार के लिए यादगार बन गया। इसके अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। अंबुजा मॉल ने एक बार फिर अपने अनोखे और परिवार केंद्रित आयोजनों के जरिए रायपुरवासियों के दिलों में खास जगह बनाने का प्रयास किया। मॉल में खरीदी करने और घूमने के लिए पहुंचे लोगों की भीड़ भी बच्चों की प्रस्तुति को देखने के लिए स्टेज तक पहुंचे। जहां नौनिहालों ने स्टार्स की तरह हाव-भाव से लोगों का दिल जीता।





### व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना

*रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हें प्रतिभागियों ने मॉल के मंच को जीवंत किया। बच्चों के आत्मविश्वास से भरे कदमों और मुस्कुराते चेहरों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने न केवल फैशन का जलवा बिखेरते हुए रैम्प वॉक किया, बल्कि अपनी प्रतिभा का भी शानदार प्रदर्शन लोगों के बीच किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना और उन्हें मंच के प्रति सजग करना था। आयोजन में मौजूद अभिभावकों और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।*





धर्म लाइव

## जगदम्बा की कृपा भक्तों पर होने से बनते हैं बिगड़े काम



**रायपुर।** मां जगदम्बा की कृपा अपने भक्तों पर बहुत ही सरल रूप में होती है। उनकी कृपा से बिगड़े हुए काम बन जाते हैं। टाटीबंध में श्रीमद् देवी भागवत पुराण में भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने रविवार को शुम्भ -निशुंभ प्रसंग, राजा सुरथ और समाधि वैश्य की कथा के साथ नारद के मोह से जुड़ी कथा विस्तार से सुनाई। उन्होंने आगे बताया कि शुम्भ और निशुम्भ दोनों असुर भाई थे। जो महर्षि कश्यप और दनु के पुत्र थे। उन्होंने देवताओं पर अत्याचार किया और स्वर्ग लोक पर भी कब्ज़ा कर लिया था। अंततः देवी मां दुर्गा ने शुम्भ और निशुम्भ का वध किया और देवताओं को भयमुक्त करवाया। शुम्भ और निशुम्भ ने ब्रह्माजी से वरदान प्राप्त किया था। इससे देवता, मनुष्य, असुर, राक्षस सभी से अविनाशी बन गए थे।

### देवी मां की कृपा प्राप्त करने लगे

महाराज ने बताया कि मां दुर्गा ने शुम्भ और निशुम्भ के साथ युद्ध किया और उन्हें पराजित करके उनका वध किया। शुम्भ, निशुम्भ के वध की कथा देवी दुर्गा के शक्ति और पराक्रम का प्रतीक है। यह कथा बताती है कि कैसे देवी मां दुर्गा ने असुरों के अत्याचार से देवताओं को मुक्ति दिलाई और धर्म की स्थापना के लिए बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। राजा सुरथ और समाधि वैश्य दोनों अपनी परेशानियों से दुखी थे। एक राजा और दूसरा वैश्य। वे महर्षि मेधा के पास पहुंचे और देवी भगवती के बारे में जानकारी मांगी। ऋषि ने उन्हें देवी के स्वरूप और महिषासुर पर विजय की कथा सुनाई। इससे वे देवी के प्रति आकर्षित हुए और उनकी कृपा प्राप्त करने लगे।

आराधना

## भजन गाते सिर पर मंगल कलश धारण करके निकलीं माता-बहनें



**रायपुर।** रामकथा महोत्सव से पहले माता, बहनों द्वारा भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। इसमें 300 से अधिक माताओं और बहनों ने सिर पर मंगल कलश धारण करके शोभायात्रा की हिस्सा बनीं। मंगल कलश यात्रा के दौरान माता- बहनों द्वारा प्रभु श्री रामचंद्र के भजनों का गायन किया गया। कलश यात्रा और श्रीराम कथा महोत्सव के संबंध में आयोजक महेंद्र साहू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कथावाचक आचार्य युवराज पांडेय श्रीराम कथा का रसपान सोमवार से भक्तों को कराएंगे। इस कथा से पहले अमलेश्वर और आसपास की माताओं और बहनों द्वारा तालाब में वरुण देव की पूजा के साथ भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई।

### आज से शुरू होगी रामकथा

इसमें माताओं और बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंगल कलश यात्रा की शुरुआत तालाब से हुई, जहां से निकलकर प्रमुख मार्ग से होते हुए श्रीराम कथा प्रांगण में कलश को स्थापित किया गया। वहीं, आयोजकों द्वारा व्यासपीठ की पूजन-अर्चना की गई। इसके साथ ही रामचरितमानस पाठ की शुरुआत हरि नाम का संकीर्तन और भजन के साथ ही रामायण की आरती की गई। व्यासपीठ से आचार्य युवराज पांडेय सोमवार से दोपहर 2 से 5 बजे के बीच कथा का अमृत रसपान कराएंगे। श्रोताओं के लिए गर्मी को देखते हुए पर्याप्त सुविधा की व्यवस्था गई है।

समाज लाइव

## रंगोली में आतंकवाद रोकने लिखा 'अब और नहीं, आतंकी हिंसा और नहीं'



**रायपुर।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 भारतीय पर्यटकों को निशाना बनाकर की गई हिंसक घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस घटना से दुखी शहर के कुछ बच्चों ने मिलकर रायपुर प्रेस क्लब में रंगोली के माध्यम से एक भावपूर्ण कलाकृति बनाई। इस कलाकृति के साथ उन्होंने लिखा 'और नहीं, अब और नहीं, आतंकी हिंसा और नहीं'। इस रंगोली को बनाने वाले बच्चों में आरुषि सोनी, आशीष सरोज, देवेश बाग, किंजल सोनकर और यशवंत हरपाल शामिल हैं। इन सभी कलाकारों ने मिलकर मौन ही सही, लेकिन बाल मन में आतंक के साए में जीने वाले लोगों की पीड़ा के साथ ही जिन्होंने अपनों को खो दिया, ऐसे पीड़ितों की वेदना को भी दिखाने का अनूठा प्रयास किया। यह कलाकृति मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में आकर्षण का केन्द्र बनी है।

● राजधानी के बाजारों में अब साजो-सामानों की खरीदी के चलते बढ़ी रौनक, लग्न वेदी सजाने तैयारी

# अक्षय तृतीया पर गुड्डे-गुड़ियों की शादी के लिए घरों मंदिरों में सजेंगे मंडप, लोग निभाएंगे विवाह की रस्में

'बच्चों को सामाजिक सरोकार से जोड़ने वर्षों पुरानी परंपराओं का निर्वहन अब भी लोग निभाते हैं। गुड्डे-गुड़ियों का ब्याह रचाने के लिए बच्चे भी बड़ों की तरह ही अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर लग्न मंडप ही नहीं सजाते, बल्कि मंडप में हल्दी-तेल और मायन की रस्में भी निभाने की तैयारी में हैं। इनके लिए बाजार में गुड्डे -गुड़ियों की शादी का साजो-सामानों का मेला सजने लगा है। इनकी पूछ-परख भी अब बढ़ने लगी है।'



### शुभ मुहूर्त में निभाई जाएंगी रस्में

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाता है। यह दिन शुभ और फलकारी दिनों में शामिल है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस साल 30 अप्रैल को सुबह 4:16 मिनट से शुभ मुहूर्त शुरू होगा। इस दिन घी, दूध, दही, तिल, स्वर्ण, चांदी, शहद जैसे वस्तुओं दान किया जाना चाहिए। पं. राकेश तिवारी के बताया कि मान्यता के तहत अक्षय तृतीय के दिन त्रेतायुग का आरंभ हुआ। साथ ही भगवान परशुराम का जन्म भी इस दिन ही मनाया जाता है। इस खास अवसर पर शहर के सामाजिक समितियों द्वारा चौक-चौराहों पर विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह रस्म संध्या के बाद प्रारंभ होगा।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी परंपराओं में अक्षय तृतीया पर्व का विशेष महत्व है। मान्यता है कि सभी प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए यह दिन खास होता है। इस बार 30 अप्रैल को अक्ति पर्व धूमधाम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी मनाया जाएगा। इसमें मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों का विवाह छत्तीसगढ़ी रीति-विराज के अनुसार करने की तैयारी चल रही है। विवाह से पहले शहर के चौक-चौराहों के आसपास अक्षय तृतीया के लिए बाजार सज चुका है। जहां विवाह रस्मों से संबंधित सभी सामाग्री सजाई गई है। वहीं, सामान्य रूप से गुड्डे-गुड़ियों के विवाह में बच्चों की भागीदारी अधिक होती है, लेकिन इस वर्ष बड़े-बुजुर्ग भी विवाह का आनंद लेने शामिल होंगे। बड़ों के मार्गदर्शन में भी बच्चों के द्वारा गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाया जाएगा।



### महाराजबंध तालाब के पास लग्न वेदी

महामाया देवी मंदिर से सूरज कुमार फुटान ने बताया कि शहर की प्रसिद्ध मां महामाया देवी मंदिर में सुबह से देर रात तक बच्चों का आवाजाही जारी रहता है। इस मौके पर बच्चे छत्तीसगढ़ी विवाह रस्म चुलमाटी, हल्दी व विवाह के अन्य रस्म पूर्ण करने पहुंचते हैं। साथ ही मठपारा स्थित महाराजबंध तालाब में मंडप सजाया जाएगा, जिसमें बच्चे ढोल-बाजा के साथ मंदिर परिसर विवाह गीत के गाते पहुंचेंगे।



### बाजारों में गुड्डा-गुड़ियों की खरीदी शुरू

अक्ति त्यौहार से पहले ही बाजार में रौनक देखने को मिल रही है, जहां बच्चे उत्साह के साथ खरीदी कर रहे। पुरानी बस्ती स्थित दुकान संचालक पूजा मानिकपुरी ने बताया कि दुकान में मऊर, कलश, दीपक, मिट्टी से तैयार गुड्डा-गुड़ियां सजे हैं। इस वर्ष प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाने के लिए चमकीले रंग और मुकुट बाजारों में लाया गया है, जो बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी कीमत 50 रुपए से शुरू होकर 120 रुपए जोड़ी तय की गई। गोल बाजार स्थित दुकान संचालक सविता सोनकर ने बताया कि इस वर्ष रंग-बिरंगे पोशाक में तैयार प्रतिमाएं बाजार में लाया गया है। इसमें गुड्डा-गुड़ियों को भी विवाहयुक्त पोशाक धारण कराया गया है। साथ ही, बच्चों के लिए छोटे आकार के कलश, दीपक, मंडप, मऊर, सुपा, पर्रा भी लाया गया है। मंडप को नकली फूलों और रंग-बिरंगे धागों से सजाया गया है। वहीं पर्रा और सुपा कागज से सजे हैं। इसकी कीमत 20 रुपए से शुरुआत है, जो वस्तुओं के अनुसार तय किया जाएगा।



### 35 वर्ष से मना रहे गुड्डे-गुड़ियों का विवाह

ब्राम्हण पारा निवासी मीनाक्षी तिवारी ने बताया कि लगभग 35 वर्षों से अक्ति पर्व घर पर मनाया जा रहा, जिसमें सुबह से ही विवाह रस्मों की शुरुआत हो जाती हैं। इस अवसर पर पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ गुड्डे-गुड़ियों की शादी की जाती है। इसमें तुलसी पौधे के पास, आम पेड़ का मंडप तैयार किया जाता है। जिसमें कलश, मऊर, दीपक, हल्दी, सुपा जैसी कई सामाग्रियां शामिल होती हैं। शादी के दौरान घर व आसपास के लोग टिकावन की रस्म भी निभाते हैं।



## शोलापुरी माता को 301 किलो पकवान का भोग, भक्तिभाव से की गई विदाई



**रायपुर।** भनपुरी में शोलापुरी माता का पांचवे दिन भी दिव्य दरबार सजा। इसमें सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हुआ। पहले पुजारियों ने विधि-विधान से माता को हल्दी-नीम पानी अर्पित किया। वहीं, 21 सुहागिनों ने सोने का प्रतीकात्मक मंगलसूत्र माता को अर्पित किया। इसके बाद पंडाल में भक्तों की भीड़ बढ़नी शुरू हुई। रविवार देर-शाम को धूमधाम से माता की विदाई के लिए शोभायात्रा निकाली गई। वहीं, सुबह से दिनभर पंडाल में उत्सव का माहौल रहा। इस आयोजन में महिलाओं ने ही सारी रस्में निभाते हुए जिस तरह से घर में बेटी के आने पर उत्सव मनाया जाता है, उसी अंदाज में स्वागत के बाद विदाई की गई। इससे पहले पुजारियों के मार्गदर्शन में दिनभर पूजा-आरती के साथ ही सभी विधान किए गए।

### श्रद्धालुओं ने पंडाल में किए दर्शन

श्रीश्रीश्री शोलापुरी माता पूजा समिति के इस 18वें आयोजन का समापन विधिवत से किया गया। इससे पहले सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना के



बाद माता के श्रृंगार दर्शन का सौभाग्य श्रद्धालुओं को मिला। वहीं, दोपहर में संरक्षक नागभूषण राव, अध्यक्ष पी. पापा राव, कार्यवाहक अध्यक्ष एम. वासु राव, एम. त्रिनाथ राव, जे. कृष्णा राव और ओ. शंकर राव की अगुवाई में 301 किलो व्यंजनों का भोग लगाया गया। इस बार 21 सुहागिनों ने एक-एक ग्राम वजनी सोने का मंगलसूत्र माता को अर्पित किया। इसके बाद शाम को धूमधाम से विदाई के लिए शोभायात्रा निकाली गई।

## ग्रीन आर्मी ने बंजर भूमि को बना दिया अर्बन डेंस फॉरेस्ट

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी की देवपुरी जोन टीम ने एक सराहनीय कार्य करते हुए एक समय बंजर और गंदगी से भरी 9800 वर्गफीट शासकीय भूमि को जापान की एक अनूठी पद्धति का उपयोग करके 3600 पौधों से लहलहाते घने शहरी वन (अर्बन डेंस फॉरेस्ट) में बदल दिया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि देवपुरी जोन के समर्पित सदस्यों ने पिछले दो वर्षों से इस वन में लगाए गए प्रत्येक पौधे की प्रतिदिन लगन से देखभाल और संरक्षण किया है, जिसके शानदार परिणाम स्वरूप आज सभी पौधे 100 प्रतिशत सफलता दर के साथ जीवित हैं। यह उनकी अटूट मेहनत और पर्यावरण के प्रति गहरे समर्पण का प्रमाण है।



जैन पब्लिक स्कूल देवपुरी के सामने दिख रहा यह स्थल कभी पत्थर, पॉलीथिन और कचरे का ढेर हुआ करता था। ग्रीन आर्मी देवपुरी जोन के कर्मठ सदस्यों ने इस पूरे क्षेत्र की सफाई कर इसे एक ऐसा हरा-भरा क्षेत्र बनाने का संकल्प लिया, जो आज न केवल उस क्षेत्र की सुंदरता बढ़ा रहा है, बल्कि पूरे शहर के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है। इस उपलब्धि के लिए ग्रीन आर्मी की संपूर्ण टीम ने देवपुरी जोन टीम का अभिनंदन किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को सफलतापूर्वक साकार करने में संरक्षक संजय भौमिक, प्रभारी गजमोहन साहू, अध्यक्ष सुनील कर्मकार, सचिव मुकेश राणा, अंशुमन पांडेय, हरधान देवनाथ, मुन्ना भाई, राजेंद्र पाणिग्रही और मंटू बाईन ने अपना योगदान दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गुरदीप, ग्रीन विंग अध्यक्ष मोनिका समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

विधान सभा रोड में ब्रह्माकुमारी शांति सरोवर के रिट्रीट सेंटर में रूहानी सिंधी सम्मेलन का आयोजन

## आध्यात्मिकता ही व्यक्ति के मन को बनाती है मंदिर आत्मिक स्थिति में रहने से जीवन होगा आसान

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति सरोवर के रिट्रीट सेंटर में रूहानी सिंधी सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया। जहां स्वस्थ और प्रगतिशील समाज के निर्माण में सिंधी समुदाय की भूमिका विषय पर सिंधी समाज के संतों के अलावा कई वक्ताओं ने अपने विचार रखें।

उल्हास नगर मुंबई की निर्देशिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने कहा कि सिंधी समाज ने देश विभाजन के बाद स्वयं को पुनर्स्थापित किया है। सिंधी समाज की विशेषता- व्यापार, श्रम, सेवाभाव और दान है। समाज में धन, वैभव की वृद्धि हुई, मगर आंतरिक शक्ति कमजोर हुई। आंतरिक शक्ति बढ़ाने के लिए आध्यात्मिकता को बढ़ाना होगा। आध्यात्मिकता यानी स्वयं के यथार्थ स्वरूप की पहचान। जब हम इस स्वरूप में स्थित होते हैं तो सुप्रीम के साथ संबंध जुड़ता है।






### कल, आज व कल को किया रेखांकित

समारोह में हेमा दीदी, आशा दीदी, सविता दीदी, संत युधिष्ठिर लाल, परमानंद परमहंस के साथ ही सिंधी समाज के अतिथियों ने अपने विचार रखें। इसमें बड़ी संख्या में सिंधी समुदाय के भाई-बहनें उपस्थित थी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज रायपुर के बाल कलाकारों द्वारा सिंध के गौरवशाली इतिहास की एक झलक दिखाते हुए कल-आज और कल नामक मनोरंजक डांस, ड्रामा का गरिमापूर्ण मंचन भी किया गया। इसमें व्यक्ति के कल और आज में आए बदलाव के साथ ही भविष्य में आने वाली चुनौतियों को भी रेखांकित किया।

### माउंटआबू में परमात्मा की अनुभूति

*उन्होंने आगे बताया कि इससे हमारी आंतरिक शक्ति में वृद्धि होती है। इससे जीवन सुख-शांति संपन्न बन जाता है। यही इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ईश्वर हमको सिखाते हैं। वहीं, जबलपुर के विधायक अशोक रोहाणी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि माउंटआबू व ब्रह्माकुमारीज के भिन्न-भिन्न स्थानों पर नेता व अभिनेता भी आते और बोलते हैं। आपके यहां दादियों और दीदियों का चेहरा चमकता रहता है। यहां जो आध्यात्मिकता सिखाई जाती है, उससे चेहरे में रूहानियत बढ़ती जाती है। मैं आग्रह करता हूं एक बार माउंटआबू जरूर जाएं, क्योंकि वहां परमात्मा की अनुभूति होगी। इसके लिए ही लोग यहां- वहां भटकते हैं।*



**खबर संक्षेप**

### देवबती सोनकर धर्मशाला भवन का भूमिपूजन



**रायपुर।** देवबती सोनकर धर्मशाला भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम मुख्य अतिथि मुरली शर्मा, जोन-4 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन-5 अध्यक्ष अजय साहू, पार्षद ब्राह्मण पारा वार्ड तथा नगर अध्यक्ष डॉ. भीषम सोनकर, रायपुर नगर सोनकर समाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। नगर निगम के वरिष्ठ इंजीनियर दीपक देवांगन की भी सहभागिता रही। भूमिपूजन कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव मनोज सोनकर, कोषाध्यक्ष हेमंत सोनकर, अंकेक्षक रामलखन सोनकर, सहसचिव राजकिशोर सोनकर, कैलाश सोनकर, अनिल, खुमान, उमेश सोनकर, मोहन सोनकर, अनिल मिंता सोनकर का विशेष सहयोग रहा।

### पेट्रोल भरवाने के विवाद पर मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक व्यक्ति ने तीन पेट्रोल पंप कर्मियों के खिलाफ पेट्रोल भरने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शत्रुघ्न वर्मा ने भनपुरी स्थित श्रीराम पेट्रोल पंप के तीन कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शत्रुघ्न ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी गाड़ी में पहले पेट्रोल डालने के लिए कहा। इस बात से नाराज होकर पंप कर्मियों ने उसके साथ मारपीट की।

# फॉरेक्स ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी, पैसा थाईलैंड-चीन में खपाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फर्जी कंपनी बनाकर फॉरेक्स ट्रेडिंग की आड़ में ठगी की रकम को व्हाइट करने चीन, थाइलैंड में खपाने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत दिल्ली से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक पेशे से सीए है। जालसाज सीए की मदद से ठगी की रकम चीन, थाइलैंड भेजने का काम करते थे। गिरफ्तार जालसाजों के कब्जे से साइबर पुलिस ने फर्जी आधारकार्ड सहित कई फर्जी नाम से संचालित बैंक अकाउंट जब्त किए हैं।

साइबर फ्रॉड करने के आरोप में साइबर पुलिस ने हिमांशु तनेजा, गणेश कुमार शाह, अंकुश को गिरफ्तार किया है। हिमांशु पेशे से सीए है। तीनों को साइबर पुलिस ने डॉ. प्रकाश गुप्ता की शिकायत पर पकड़ा है। डॉ. गुप्ता ने पिछले वर्ष तीनों के खिलाफ 11 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। जालसाजों ने डॉ. गुप्ता को फॉरेक्स ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया था।

## ठगी की रकम से बनाया मकान रेंज साइबर पुलिस कुर्क करने की तैयारी में

#### क्या है फॉरेक्स ट्रेडिंग

विदेशी मुद्रा क्रय-विक्रय को फॉरेक्स ट्रेडिंग कहा जाता है। वित्त विनिमय में एक देश की मुद्रा खरीदकर दूसरे देश में या उसी देश में मुद्रा की खरीदी-बिक्री की जाती है। विदेशी मुद्रा खरीदी-बिक्री में संबंधित देश की मुद्रा की कीमतों में उतार चढ़ाव से होने वाले लाभ-हानि को फॉरेक्स ट्रेडिंग कहा जाता है।



#### ऐसे करते थे ब्लैक मनी को व्हाइट

जालसाज ठगी करने फॉरेक्स ट्रेडिंग के पहले एक फर्जी कंपनी बनाते थे। ठगी की रकम जालसाज किसी दूसरे अकाउंट के माध्यम से अपनी फर्जी कंपनी के अकाउंट में ट्रांसफर करते थे। उसके बाद उक्त रकम डॉलर या यूरो में कन्वर्ट कर चीन, थाइलैंड भेजते थे। चाइना तथा थाइलैंड में बैठे जालसाज यहां के जालसाजों को कमीशन भेजते थे। पैसे किसी दूसरे देश के अकाउंट में जाने के बाद पकड़े जाने से पुलिस ठगी की रकम रिकवर नहीं कर सकती, इसलिए ठगी की रकम थाइलैंड तथा चाइना भेजते थे।

#### *ठगी की रकम से फ्लैट, मकान खरीदे*

*दिल्ली के शालीमार, उत्तम नगर तथा जनकपुरी में इन जालसाजों के फ्लैट तथा मकान होने की जानकारी साइबर पुलिस को मिली है। इसके साथ ही उक्त फ्लैट तथा मकान ठगी के पैसों से खरीदी करने की जानकारी मिली है। इसे देखते हुए पुलिस फ्लैट तथा मकान को कुर्की करने के साथ ही नीलाम कराने की प्रोसेस करने की बात कही है।*

## रायपुर स्मार्ट सिटी ने 1.75 करोड़ खर्च कर बनवाया था हाईटेक धोबीघाट

# प्रदेश की इकलौती रजक गुड़ी बदहाल, तालाब में गाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नाममात्र की सुविधाएं, गर्मी में सूख रहा गला

राजधानी के टिकरापारा क्षेत्र में नरैया तालाब के पीछे स्थित तालाब में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 1 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से बनाई गई प्रदेश के पहली रजक गुड़ी की स्थिति खराब है। तालाब का पानी सूख गया है। तालाब में गाद की मोटी परत जमने, गहरीकरण तथा सफाई नहीं होने से हाईटेक रजक गुड़ी केवल नाम की रह गई है। वहीं ट्यूबवेल के पानी से मशीनों के जरिए कपड़ों की धुलाई होती है। अस्पताल व कुछ संस्थानों के कपड़े व चादर यहीं धुलते हैं, लेकिन ट्यूबवेल का पानी साफ नहीं होने से कपड़ों की धुलाई ठीक से नहीं हो पाती और कपड़ों पर दाग पड़ रहे हैं। रजक गुड़ी बुंदेला रजक समाज के अध्यक्ष राधेश्याम बुंदेला ने इसकी शिकायत जोन-6 में सुशासन तिहार शिविर में आवेदन के साथ की है। दरअसल बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण के दौरान तालाब किनारे बने धोबीघाट को तोड़ दिया गया। यहां से करीब 40 परिवारों की आजीविका चलती थी। राजधानी के अलग-अलग इलाकों से रजक समाज के लोग इस तालाब के धोबीघाट का उपयोग अपने पुश्तैनी व्यवसाय के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी करते आए थे। तब उन्हें नगर निगम ने नया धोबी बनाने का आश्वासन दिया। 2 साल पहले शहर के टिकरापारा स्थित नरैया तालाब वाले क्षेत्र में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पौने दो करोड़ की लागत से यहां शहरी औद्योगिक पार्क विकसित किया इस आधुनिक धोबीघाट को लोग रजक गुड़ी के नाम से जानते हैं।

हरिभूमि सरोकार

#### 60 किलो क्षमता का वाशर मशीन, कपड़ा सुखाने ड्रायर मशीन भी

शहर के ट्रेडिशनल लांड्री वर्कर को सपोर्ट करने प्रदेश में अपने तरह के इस अनूठी रजक गुड़ी में रजक समाज के लिए कपड़ा धुलाई करने आधुनिक मशीन की 2 यूनिट लगाई गई है। 60 किलोग्राम की क्षमता वाली वॉशिंग मशीन और 50 किलो की क्षमता युक्त ड्रायर मशीन कपड़ा सुखाने के लिए रजक गुड़ी में लगाई गई है। पानी स्टोरेज के लिए अलग से वाटर टैंक है।



#### *न पंखा, न पीने के पानी के लिए वाटर एटीएम मशीन*

*रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के रजक गुड़ी प्रोजेक्ट में वस्त्रकारों के कपड़ा धुलाई व ड्रायर मशीन वाले क्षेत्र में गर्मी से बचाव के लिए पंखा लगाने का प्रावधान रहा, वहां आने-जाने वालों के लिए शीतल जल की व्यवस्था करने वाटर एटीएम मशीन लगनी थी, पर 2 साल बीतने के बाद न पंखा लगा न पीने के साफ पानी उपलब्ध कराने वाटर एटीएम मशीन लगाई। यहां आने वाले रजकजनों को अपनी प्यास बुझाने खुद पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है।*

#### तालाब की अनदेखी, सफाई और गहरीकरण की मांग

रजक गुड़ी बुंदेला रजक समाज के अध्यक्ष राधेश्याम बुंदेला ने बताया कि रजक गुड़ी की अनदेखी होने से तालाब सूखने के बाद गाद की मोटी परत और दलदल वाला हिस्सा साफ दिखने लगा है। इसकी सफाई और गहरीकरण कराने हमने रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का पूर्व में ध्यान आकर्षित कराया। पिछले माह 11 मार्च को भाठागांव बस स्टैंड स्थित जोन-6 दफ्तर में सुशासन तिहार के समय तालाब गहरीकरण की मांग करते हुए आवेदन लगाया है, पर जोन के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। तालाब का पानी सूखने से मैदान बनने लगा है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। रजक गुड़ी का उपयोग पुराना शास्त्री बाजार क्षेत्र, कंकालीपारा, टिकरापारा, संतोषी नगर, संजय नगर से रजक समाज के परंपरागत व्यवसाय करने वाले धोबी कर रहे हैं। मुख्य मार्ग से लगे नरैया तालाब की स्थिति अन्य 2 तालाबों की तुलना में अच्छी है। तालाबों के बीच वाला हिस्सा पत्तों से भरा पड़ा है। जबकि रजक गुड़ी वाले तालाब में जलकुंभी और गाद की भरमार होने से दूर-दूर तक पानी नजर नहीं आ रहा।

# ऑटो यूनियन के विरोध से खटाई में पड़ा चार सेक्टर में ऑटो चलाने का निर्णय

#### 15 हजार से कम ऑटो होने का दावा

ट्रैफिक पुलिस शहर में 20 हजार ऑटो होने का दावा करती है। इसके विपरीत ऑटो यूनियन शहर में 15 हजार से कम ऑटो होने का दावा कर रहा है। ऑटो यूनियन के अनुसार, राज्य बनने के बाद आरटीओ में जितने ऑटो पंजीकृत हैं, उसी आधार पर ट्रैफिक पुलिस शहर में ऑटो होने का अनुमान लगा रही है। ऑटो यूनियन के अनुसार, 25 साल में कई ऑटो कबाड़ में तब्दील हो गए और उनका परिचालन बंद हो गया। इसका रिकार्ड आरटीओ के साथ ट्रैफिक पुलिस के पास भी नहीं है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ऑटो यूनियन ने कहा- जबरदस्ती की तो आंदोलन करेंगे
- सेक्टर में ऑटो चलाने मंगाए जा रहे आवेदन

सेक्टर में ऑटो चलाने की योजना खटाई में पड़ती दिख रही है। शहर को चार सेक्टर में बांटकर ऑटो चलाने के निर्णय का ऑटो यूनियन ने विरोध जताया है। ऑटो यूनियन का कहना है कि शहर महज 10 किलोमीटर के दायरे में फैला है। यहां रेलवे के साथ बस स्टैंड की संख्या एक है। ज्यादातर सवारियां रेलवे तथा बस स्टैंड जाने के लिए मिलती हैं। सेक्टर में ऑटो चलाने से सवारियों को एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर जाने के लिए ऑटो बदलना पड़ेगा। ऐसे में सवारियां ऑटो की जगह ऑनलाइन टैक्सी बुक करेंगी।

ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम के साथ जिला प्रशासन ने दो माह पूर्व शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने ऑटो संचालन के लिए चार सेक्टर में बांटने का निर्णय लिया था। इस संबंध में ऑटो यूनियन से भी बात की गई। ऑटो यूनियन के अध्यक्ष कमल पाण्डेय के अनुसार, शहर को चार सेक्टर में बांटकर ऑटो चलाने का वे पहले ही जिला प्रशासन के साथ ट्रैफिक पुलिस में विरोध दर्ज करा चुके हैं। चार सेक्टर में ऑटो चलाने का निर्णय उन पर थोपा गया तो वे आंदोलन करेंगे।

#### ट्रैफिक पुलिस ने मंगाए आवेदन

इधर ट्रैफिक पुलिस ने शहर को सेक्टर में बांटकर ऑटो चलाने ऑटो चालकों से आवेदन फार्म भरवाना शुरू कर दिया है। साथ ही शहर में ऑटो की वास्तविक संख्या कितनी है, इसके लिए नंबरिंग भी शुरू की है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार पांच सौ के करीब ऑटो चालकों ने सेक्टर में ऑटो चलाने आवेदन फार्म लिए हैं।

#### पुराने ऑटो के रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाने की मांग

शहर के ट्रैफिक में दबाव कम करने ऑटो यूनियन के अध्यक्ष ने यात्री परिवहन बसों की तरह 10 साल या उससे ज्यादा पुराने ऑटो के संचालन के लिए रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही जिन लोगों के एक दशक पुराने ऑटो के रजिस्ट्रेशन पर रोक लग चुकी है, बाद में उनके द्वारा नए ऑटो खरीदने पर नया रजिस्ट्रेशन किए जाने की मांग की गई है।

** रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र के रिंगरोड-3 पर गोसेवकों ने मवेशी तस्करी करते तीन लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

**-: आम सूचना :-**

**वाके मौजा रायपुरा प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भुमि खसरा नंबर 678/, 678/4, 680/2 का भाग रकबा 1515 वर्गफुट छ.ग. संबंध मे**

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार मेसर्स एस.ए.एस. बिल्डकॉन प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री प्रकाश जायसवाल पिता स्व. राधेश्याम जायसवाल निवासी समता कालोनी रायपुर छ.ग. के द्वारा के अपनी प्रोजेक्ट का मकान नंबर 17 जिसका रकबा 1515 को क्रेता बंटी रस्तोगी पिता सुशील रस्तोगी निवासी म.नं. 54/255, डब्यू नं. 40 कृष्णा नगर गौरी माता मंदिर के पास डंगानिया रायपुर छ.ग. वाले को विक्रय किया था जिसका पंजीयन 10/01/2025 का रायपुर के पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत किया गया था किन्तु आज दिनांक तक क्रेता के द्वारा विक्रय विलेख में अंकित चेक का भुगतान विक्रेता को प्राप्त नही हुआ है इसलिए उक्त विक्रेय विलेख को शून्य करने हेतु उक्त कार्यावाही पूर्ण की जा रही है। उक्त मकान वाके मौजा रायपुरा प.ह.नं. 57 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित परिवर्तित भुमि खसरा नंबर 678/, 678/4, 680/2 का भाग रकबा 1515 वर्गफुट में निर्मित का पंजीयन की कार्यवाही को शून्य की कार्यवाही पूर्ण की जा रही है।

उक्त मकान (सम्पत्ति) पर जिस किसी भी संस्था, बैंक, साहूकार, शासकीय, अर्धशासकीय विभाग, वित्तीय निकाय, या व्यक्तिगत रूप से आसपास के भूमि धारक इत्यादि को उक्त संव्यवहार के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो मेरी इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्तियाँ मय दस्तावेज के मेरे नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे, अन्यथा मियाद गुजरने की गयी आपत्ति या दावा झूठा एवं गैरकानूनी माना व समझा जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगा।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 27/04/2025

**सो सूचना जानिए।**
**भवदीय**
**राष्ट्रपाल वान्द्रे (अधिवक्ता)**
**पता :- शिव चौक, पानी टंकी के पास**
**डॉ. राजेन्द्र नगर रायपुर छ.ग.**
**मोबाईल 9131853108**







### बृजधाम यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सकल गुजराती समाज द्वारा आयोजित बृजधाम यात्रा का रायपुर वापस पहुंचने पर बैंड-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। समाज के अध्यक्ष कौशिक कट्टा ने बताया कि रायपुर सहित राजनांदगांव, हैदराबाद, नागपुर आदि शहरों के कुल 111 श्रद्धालु शामिल हुए। 22 अप्रैल को प्रारंभ हुई इस यात्रा में यमुना का करीब 15 नावों में बैठकर 111 चुनरियों से पूजन एवं मनोरथ श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अतिरिक्त मथुरा, वृंदावन, बरसाना के गोकुल मंदिर, महाप्रभुजी बैठक, रमण रेती, चौरासी खंबा मंदिर, आदि मंदिरों के दर्शन करते हुए 27 अप्रैल को यात्रा समाप्त हुई। इस यात्रा में रेखा रायचुरा, डॉ. मृणालिका ओझा, प्रेरणा भट्ट, हितेश रायचुरा, कमलेश नथवानी, मनीष सोनी, राजेश जोबनपुत्रा, दिव्या राजेंद्र फौजदार, भावना कट्टा, शिवांगी पोमल, हर्षा राजेश शाह, ज्योति हितेश परमार सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

**शपथ पत्र**

मैं कुलवीर सिंह सिद्धु पिता प्रेम सिंह सिद्धु निवासी पंज कोहा, फतेहगढ़ साहिब पंजाब-140101 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

1. यह कि मेरे आधार कार्ड नंबर 8782 5956 5568 है जिसमें मेरा नाम कुलवीर सिंह सिद्धु दर्ज है एवं अन्य दस्तावेजों में भी यही नाम दर्ज है।
2. यह कि मेरे नाम से एक पालिसी एच.डी.एफ.सी. लाईफ इंश्योरेंस से एक पालिसी लिया गया है- 9757092 है जिसमें मेरा नाम कुलवीर सिंह दर्ज है।
3. यह कि कुलवीर सिंह सिद्धु एवं कुलवीर सिंह ये दोनों ही नाम मेरे स्वयं के अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम है। इस संबंध में विभाग को जो भी नियम, शर्त होगी मुझे मान्य है।
4. यह कि उपरोक्त वर्णित दोनों ही नाम मेरे स्वयं के अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम होने के सत्यता में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 4 में लिखी बातें सत्य है, अतः हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

दिनांक 25/04/2025 **शपथकर्ता**















## खबर संक्षेप

### रवि भवन व्यापारी संघ का आज दोपहर 1 बजे तक सांकेतिक बंद

**रायपुर।** पहलगाम में देश के निर्दोष सैलानियों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए कायराना हमला के विरोध में रवि भवन व्यापारी संघ ने सोमवार को सांकेतिक बंद का ऐलान किया है। दोपहर 1 बजे तक सांकेतिक बंद रखकर आतंकवादी कृत्य के प्रति आक्रोश जताया जाएगा। इस वीभत्स हमले में रायपुर के युवा व्यापारी दिनेश मिरानिया सहित 25 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। रवि भवन व्यापारी संघ ने आतंकी हमले की निंदा करते हुए दिनेश मिरानिया सहित सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। कोर कमेटी के निर्णय अनुसार, सभी व्यापारी बंधुओं से आग्रह किया गया है कि सोमवार को दोपहर 1 बजे तक संपूर्ण सांकेतिक बंद का पालन कर इस कृत्य के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त करें। इस दौरा दिवंगतों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी।

### नगर निगम की तानाशाही नहीं सहेंगे रायपुरवासी

**रायपुर।** भाजपा शासित रायपुर नगर निगम ने अपनी तानाशाही की सारी हदें पार करते हुए बिना किसी पूर्व नोटिस और वैधानिक प्रक्रिया के आम नागरिकों की दुकानों पर बुलडोजर चला दिया। महापौर मीनल चौबे के इशारे पर हुई इस कार्रवाई ने एक बार फिर भाजपा के जनविरोधी चरित्र को उजागर कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी आईटी सेल एवं सोशल मीडिया के जिलाध्यक्ष विकास जैन मित्तल ने निगम सत्ता के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर आम जनता के घर-दुकान उजाड़ने पर आमादा है। बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए दुकानों पर बुलडोजर चलाना न केवल लोकतंत्र का अपमान है, बल्कि संविधान के खिलाफ सीधी बगावत है। श्री मित्तल ने महापौर मीनल चौबे को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि रायपुर नगर निगम अब जनसेवा का नहीं, जनता के शोषण का अड्डा बन गया है।

# एमबीबीएस के रिजल्ट से मेडिकल कॉलेज के अस्पतालों को राहत, मिले हजार से ज्यादा इंटर्न डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

एमबीबीएस अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित होने की वजह से छात्रों के साथ मेडिकल कॉलेज से संबंधित अस्पतालों ने भी राहत महसूस की है। मेडिकल कॉलेज से संबंधित इन अस्पतालों को हजार से ज्यादा इंटर्न डॉक्टर मिले हैं, जो एक वर्ष तक अपनी सेवा देंगे। इमरजेंसी सहित विभिन्न विभाग में उनकी ड्यूटी से पीजी डॉक्टरों पर दबाव कम होगा। पुराने इंटर्न डॉक्टरों की अवधि पूरी हो गई थी, जिसकी वजह अस्पतालों में मरीजों के देखभाल की जिम्मेदारी पीजी डॉक्टरों के ऊपर आ गई थी। इमरजेंसी ड्यूटी में भी उनकी अनुपस्थिति की वजह आपात चिकित्सा अधिकारियों पर भी काम का दबाव बढ़ गया था। वहीं परिणाम में लेट होने की वजह से एमबीबीएस अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भी काफी परेशान हो रहे थे। पिछले दिनों परिणाम जारी होने के बाद छात्रों के साथ अस्पतालों की परेशानी का निराकरण हो गया। परिणाम में 90 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए, जिसके बाद मेडिकल कॉलेजों को एक हजार से ज्यादा इंटर्नशिप करने वाले डॉक्टर मिल गए है। उत्तीर्ण हुए छात्रों की मेडिकल कॉलेजों में विभागवार ड्यूटी भी लगा दी गई है। इंटर्न डॉक्टर पीजी और सीनियर डॉक्टरों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का काम करते हैं।

## सालभर विभिन्न विभागों में देंगे सेवाएं, पीजी डॉक्टरों पर कम होगा दबाव

### जेएन मेडिकल कालेज में दी गई पोस्टिंग

पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार से इंटर्न डॉक्टरों की ड्यूटी ग्रुप के आधार पर विभिन्न विभागों में लगा दी गई है। रायपुर मेडिकल कॉलेज में करीब डेढ़ सौ इंटर्न डॉक्टर है। इंटर्न चिकित्सक 24 अप्रैल 2026 तक विभिन्न विभागों में ड्यूटी देकर चिकित्सा का अनुभव हासिल करेंगे। इस अवधि के दौरान उन्हें स्टाइपेंड दिया जाएगा।



### एफएमजी वाले भी आएंगे

विदेशों में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद एफएमजी टेस्ट में सफल हुए छात्रों की इंटर्नशिप के लिए निजी के साथ शासकीय कॉलेजों में एडमिशन दिया जा रहा है। पांच सौ ज्यादा सीटों पर उनके प्रवेश की प्रक्रिया 30 अप्रैल तक पूरी की जा रही है। इन छात्रों को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एफएमजी सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है, प्रभावित छात्रों को 15 दिन का समय दस्तावेज जमा करने के लिए दिया गया है।

## प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई टीम भी अटकी, अब अगले माह बनने की संभावना

# अब तक नहीं बनी भाजपा के मंडल और जिलों की नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में बीते दो माह से मंडल और जिलों की नई कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी न बन पाने के कारण जिलों की कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ नहीं हो सकी है। मार्च से लेकर अप्रैल तक कई बार डेडलाइन डेड हो चुकी है, लेकिन परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। यही वजह है कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई टीम भी अटकी हुई है। किरण देव पहले ही कह चुके हैं कि मंडल और जिलों की कार्यकारिणी के बाद ही प्रदेश संगठन की नई टीम बनेगी। प्रदेश संगठन की नई टीम में बड़ा बदलाव भी तय है, क्योंकि प्रदेश की टीम के करीब दो दर्जन नेताओं को निगम, मंडल में पद मिल गए हैं। अभी निगम, मंडल की दूसरी सूची भी आने वाली है, इसमें भी प्रदेश के संगठन के कई नेताओं को पद मिलेंगे। ऐसे में जिनको दूसरा पद मिल जाएगा, उनके स्थान पर नए चेहरों को नई जिम्मेदारी दी जाएगी।

भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया, इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

### खास बातें

- प्रदेश संगठन की नई टीम में बड़ा बदलाव भी तय
- निगम, मंडल की दूसरी सूची भी आने वाली है, इसमें भी प्रदेश के संगठन के कई नेताओं को पद मिलेंगे

### कई बार डेडलाइन डेड



### प्रदेश संगठन में होगा बड़ा बदलाव

*किरण देव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी के साथ 20 पदाधिकारियों को निगम, मंडल की पहली सूची में स्थान मिला है। आने वाले समय में दूसरी सूची में भी कई पदाधिकारियों को स्थान मिलेगा। ऐसे में तय है कि इनकी जगह नए चेहरों को मौका मिलेगा।*

### मंडल, जिलों पर पहले फोकस

*भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। पहले इसकी डेडलाइन 10 मार्च रखी गई, उसके बाद इसे 20 मार्च किया गया, लेकिन पूरा मार्च निकलने के बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनी तो फिर अप्रैल में समय दिया गया। अब तो अप्रैल भी पूरा समाप्त होने वाला है, लेकिन सभी मंडलों में कार्यकारिणी न बन पाने के कारण जिलों की कार्यकारिणी बनाने का काम भी प्रारंभ नहीं हो सका है। मंडलों की कार्यकारिणी का अनुमोदन जिलों से होना है, वहां कोई परेशानी होने पर प्रदेश संगठन से सलाह ली जा सकती है। जिलों की कार्यकारिणी का अनुमोदन प्रदेश संगठन से होगा। इसके बाद प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी का अनुमोदन राष्ट्रीय संगठन से लेना पड़ेगा।*

# कश्मीर में आतंकी हमले का साइड इफेक्ट, अन्य शहरों की यात्रा से भी कतरा रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का साइड इफेक्ट गर्मी की छुट्टियां मनाने दूसरे शहरों की ओर जाने वाले लोगों पर भी हुआ है। घटना की वजह से कईयों ने अपना टिकट कैंसिल करा लिया है, वहीं कई परिवारों ने अपना प्रोग्राम ही बदल दिया है। प्रदेश में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं, मगर यहां से दिल्ली, मुंबई जैसे प्रमुख शहरों का फेयर भी अब तक नहीं बढ़ा है।

- गर्मी की छुट्टियां शुरू, मगर दिल्ली-मुंबई जैसे शहरों का फेयर नहीं बढ़ा

घटना के पहले जो यात्रा पर निकल चुके हैं, वे उसे पूरा करके ही वापस लौटेंगे। जिनकी यात्रा नजदीक है, ऐसे 40 फीसदी लोग अपनी यात्रा पूरी करेंगे। अनुमान है कि 60 फीसदी लोग कश्मीर तो दूर, अन्य शहरों की यात्रा करने से हिचकिचा रहे हैं।

ऐसे लोगों अनजाने भय की वजह से अपना टिकट कैंसल करा रहे हैं। रायपुर से कई प्रमुख स्थानों से सीधी उड़ान की व्यवस्था नहीं है, ऐसे में लोगों को दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों में जाकर फ्लाइट पकड़नी पड़ती है। गर्मी की छुट्टियां शुरू होने के बाद भी इन शहरों का किराया अभी भी सामान्य जैसी स्थिति में है। अप्रैल के अंतिम दिनों में भी दिल्ली जैसे शहरों का किराया 10 से 12 हजार रुपए हैं, वहीं मुंबई की आवाजाही के दौरान भी 8 से 10 हजार के बीच है। कोलकाता का सफर भी आठ से दस हजार पूरा हो रहा है। गोवा और इंदौर का किराया 6 से 7 हजार के बीच है।

### वापस लौटे छत्तीसगढ़ के यात्री

घटना के दौरान पहलगाम, श्रीनगर सहित विभिन्न इलाकों में फंसे 60 यात्रियों की रविवार को ट्रेन से वापसी हुई। स्टेशन पर परिवार वालों से मिलकर यात्रियों ने सुकून की सांस ली। वरिष्ठ पत्रकार रामअवतार तिवारी ने बताया कि वे काफी तक श्रीनगर में रुके हुए थे। इसके बाद सड़क मार्ग से वे कटरा पहुंचे और मां वैष्णोदेवी के दर्शन के बाद अन्य साथियों के साथ दिल्ली होते हुए उनकी रायपुर वापसी हुई। उन्होंने बताया कि यात्रियों में रायपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव और बिलासपुर जिले के लोग शामिल थे। घटना के सभी लगातार वापसी का इंतजाम किए जाने की मांग कर रहे थे।




सूर्यकांत राठौर
सभापति, नगर निगम रायपुर
नंदकिशोर साहू
पार्षद-यतियतन लाल वार्ड क्र.4, भनपुरी,
एमआईसी सदस्य - नगर निगम रायपुर
राजेश देवांगन
पार्षद - कन्हैया लाल बाजारी
वार्ड क्र. 15, गुढियारी
सोहन साहू
पार्षद - बाल गंगाधर तिलक
वार्ड क्र. 18
परमिला बल्ला साहू
पार्षद-ठक्कर बाबा वार्ड क्र. 17
श्रीमती मीनल चौबे
महापौर, नगर निगम, रायपुर
डॉ. मनमोहन मनहरे
पार्षद-संत कबीर दास वार्ड क्र. 3
अंबिका साहू
पार्षद-बंजारी माता वार्ड क्र. 5, भनपुरी
बल्ला साहू
पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड क्र. 17
गोदावरी गज्जू साहू
पूर्व पार्षद
जननायक, कर्मवीर, रायपुर पश्चिम
के लोकप्रिय विधायक माननीय
श्री राजेश मूणत जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जीवेत शरदः शतम्
28 अप्रैल
गज्जू साहू
पार्षद - वीर शिवाजी वार्ड क्र. 16, खमतराई
अध्यक्ष - जोन क्र. 1, नगर निगम रायपुर
जिलाध्यक्ष-भाजपा किसान मोर्चा रायपुर
उपाध्यक्ष-छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज रायपुर परिक्षेत्र
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता जोन क्र.1 एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा